कोटद्वार, गुरूवार
19 जून 2025
वर्ष: 47
अंक: 54 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### करंट लगने से संविदा कर्मी की मौत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नैनीडांडा विकासखंड में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। विद्युत लाइन पर कार्य के दौरान करंट की चपेट में आने से एक संविदा कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक कर्मचारी विद्युत विभाग में संविदा पर कार्यरत था और नियमित रूप से क्षेत्र में लाइन मरम्मत का कार्य करता था। पुलिस ने कोटद्वार में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नैनीडांडा ब्लॉक के ग्राम खुटिडा निवासी 27 वर्षीय अनिल नेगी ऊर्जा निगम में दैनिक श्रमिक के रूप में रिखणीखाल ब्लॉक में कार्यरत था। 17 मई की देर शाम विद्युत लाइन ठीक करने पोल पर चढ़ा। लेकिन, इस दौरान लाइन में करंट प्रभावित होने से अनिल नेगी की मौत हो गयी। पिता रणजीत सिंह भी विद्युत विभाग में ही कार्यरत है। दोनों रिखणीखाल में एक साथ रह रहे थे।

### बदरीनाथ हाईवे पर सिलेंडर से भरा ट्रक पलटा

चमोली। बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीपलकोटी के समीप एक सिलेंडर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। बुधवार को हुये इस हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और ट्रक के अंदर ही फंस गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर सर्विस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को चौकी पीपलकोटी को सूचना मिली कि पीपलकोटी से लगभग 3 किलोमीटर आगे पाखी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सिलेंडर से भरा ट्रक पलट गया है। दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक मदन सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जोशीमठ देवेन्द्र रावत चौकी पीपलकोटी लक्ष्मी प्रसाद बिल्जवाण और फायर स्टेशन गकी टीम तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया गैस सिलेंडर ट्रक पलटने के कारण उसका चालक सोनू निवासी पौड़ी ट्रक के अन्दर ही फंस गया था, जो काफी गंभीर रूप से घायल था। पुलिस और फायर सर्विस के जवानों द्वारा बिना देरी किए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर काफी मशक्कत के बाद ट्रक चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। चालक की गंभीर हालत को देखते हुए चौकी प्रभारी पीपलकोटी द्वारा तत्काल चौकी से सरकारी वाहन 112 के माध्यम से घायल चालक को विवेकानंद हॉस्पिटल पीपलकोटी भेज दिया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

### परिसर में गुलदार दिखने से कर्मियों में हड़कंप

नई टिहरी, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में दिन दहाड़े गुलदार के घूमते देखे जाने से हड़कंप मचा है। परिसर प्रशासन ने ऐहतियाती कदम उठाते हुए कर्मचारियों, अध्यापकों को सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए घनी झाड़ियों को कटवाना शुरू कर दिया है। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में इन दिनों ग्रीष्मकालीन अवकाश है, परंतु अध्यापक व कर्मचारी आवश्यक अकादमिक कार्यों में लगे हुए हैं। इसके लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के देशभर के अन्य परिसरों से भी लगभग 70 अध्यापक और कर्मचारी यहां आए हुए हैं। यहां कार्यालय समय में बीते सोमवार को एक कर्मचारी को परिसर किनारे गुलदार दिखाई दिया था। जब तक अन्य लोग यहां पहुंचते गुलदार भाग निकला। फिर मंगलवार दोपहर में अंग्रेजी अध्यापक डॉ अवधेश बिजल्वाण को उसी स्थान पर गुलदार दिखाई दिया। उन्होंने निदेशक समेत अन्य लोगों को इस बारे में फोन किया, परंतु शोर सुनकर गुलदार झाड़ियों में छिप गया। इस खबर के बाद परिसर में दहशत फैल गई है। उधर, निदेशक प्रो पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने इस घटना के बाद बुधवार सुबह से परिसर के किनारे की झाड़ियों को कटवाने का काम शुरू करवाया है। उन्होंने परिसर में रह रहे अध्यापकों, कर्मचारियों से बच्चों को अकेले में नहीं छोड़ने व रात में परिसर में अकेले न घूमने की हिदायत दी है। निदेशक प्रो पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने कहा कि गत वर्ष भी परिसर में गुलदार के देखे जाने की तीन घटनाएं सामने आई थीं। सौभाग्य से अभी यहां कोई हादसा नहीं हुआ है।

# उत्तराखंड मंत्रिमंडल का बड़ा कदमः सहकारिता, बदरीनाथ सौंदर्यीकरण और पशुपालन योजनाओं को मिला नया आयाम

### कैबिनेट द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

– सहकारिता विभाग में उप निबंधक ऑडिट के 1 निसंवर्गीय पद को कैबिनेट ने दी मंजूरी।
सहकारिता विभाग में उप निबंधक ऑडिट लेवल 11 के पद को 5 साल के लिए सृजन किया गया है। जिसे कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दी है। यह एक निसंवर्गीय पद है।
– बद्रीनाथ धाम में स्थित आईएसबीटी वॉल्स पर में मास्टर प्लान के अंतर्गत में म्यूरल आर्ट वार्क किया जाएगा, जिसे कैबिनेट ने अपनी मंजूरी प्रदान की है।
– पशुपालन विभाग की योजना जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभार्थियों को पशुपालन के लिए 90 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाती है, और डेयरी विकास की गंगा गाय योजना के विलय को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है। अब इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभार्थियों के साथ सामान्य वर्ग के लोगों को भी दिया जाएगा।
– पशुपालन विभाग के अंतर्गत पशुधन प्रसार अधिकारियों के चयन के बाद इन्हें 2 साल तक का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण की अवधि को 2 साल से घटाकर 1 वर्ष किए जाने के निर्णय को कैबिनेट ने दी अपनी मंजूरी।



देहरादून। उत्तराखंड की धामी सरकार ने विकास की रफ्तार को और तेज करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णयों की झड़ी लगा दी है। बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में सहकारिता, पशुपालन, डेयरी विकास और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े कई प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई। इन फैसलों से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि तीर्थाटन और पर्यटन को भी नया रूप मिलेगा। सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बैठक के निर्णयों की विस्तृत जानकारी साझा की।

**सहकारिता विभाग में उप निबंधक ऑडिट के 1 निसंवर्गीय पद को कैबिनेट मंजूरी:**

सहकारिता विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक ऑडिट प्रक्रिया को और सशक्त करने का फैसला लिया गया है। इसके लिए उप निबंधक (ऑडिट) लेवल–11 का एक नया पद सृजित किया गया है, जिसे अगले पांच वर्षों तक प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाएगा। यह कदम सहकारी संस्थाओं में वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देगा और ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता को मजबूती प्रदान करेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय सहकारी समितियों में विश्वास बढ़ाने और उनके प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में मददगार साबित होगा, जिससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा।

**बदरीनाथ धाम का सौंदर्यीकरण:**

मास्टर प्लान को गतिचारधाम यात्रा के प्रमुख केंद्र बदरीनाथ धाम के सौंदर्यीकरण के लिए मास्टर प्लान के तहत कई महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल ने धाम की दीवारों पर आकर्षक और कलात्मक चित्रण (आर्टवर्क) को हरी झंडी दी, जिसमें अंतरराज्यीय बस अड्डे (आईएसबीटी) की दीवारों का भी सौंदर्यीकरण शामिल है। ये कलाकृतियां स्थानीय संस्कृति, धार्मिक महत्व और उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को दर्शाएंगी, जिससे तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए बदरीनाथ का आकर्षण और बढ़ेगा। यह पहल न केवल धाम के सौंदर्य को निखारेगी, बल्कि स्थानीय कलाकारों को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगी। साथ ही, यह पर्यटन को बढ़ावा देकर क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि में योगदान देगी। बदरीनाथ मास्टर प्लान के तहत अन्य बुनियादी ढांचा विकास कार्य भी प्रगति पर हैं, जो तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेंगे।

**पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में नई पहल:**

पशुपालन विभाग के तहत अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए 90% सब्सिडी वाली गाय वितरण योजना को डेयरी विभाग की 'गंगा गाय योजना' के साथ समाहित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस कदम से योजना का दायरा बढ़ेगा, और अब सामान्य वर्ग के लोग भी इसका लाभ उठा सकेंगे। सामान्य वर्ग के लिए सब्सिडी की दर अगली मंत्रिमंडल बैठक में तय की जाएगी। यह निर्णय ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस योजना से दुग्ध उत्पादन में वृद्धि होगी, जिससे राज्य की डेयरी आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

**पशुधन प्रसार अधिकारियों के 429 रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया होगी तेज:**

इसके अतिरिक्त, पशुधन प्रसार अधिकारियों के 429 रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया को तेज करने का फैसला लिया गया। इन पदों के लिए पहले निर्धारित दो वर्ष के प्रशिक्षण अवधि को घटाकर एक वर्ष कर दिया गया है, ताकि भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जा सके। यह कदम पशुपालन विभाग की कार्यक्षमता को बढ़ाएगा और ग्रामीण क्षेत्रों में पशु स्वास्थ्य सेवाओं को और सुलभ बनाएगा।

इन निर्णयों से उत्तराखंड सरकार ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में संतुलित और समावेशी प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सहकारिता विभाग में सुधार, बदरीनाथ धाम का सौंदर्यीकरण और पशुपालन व डेयरी क्षेत्र में नई पहल से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि राज्य की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान भी और मजबूत होगी। ये फैसले उत्तराखंड को एक समृद्ध और पर्यटक–अनुकूल राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकते हैं।

# तीन महीने पहले बदला गया था दुर्घटनाग्रस्त विमान का इंजन, जांच शुरू

**–अहमदाबाद विमान हादसा**



अहमदाबाद,अहमदाबाद से लंदन जाने वाली बोइंग ड्रीमलाइनर की एयर इंडिया एआई–171 उड़ान हादसे की जांच में एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है।

जांच अधिकारियों को पता चला है कि जो विमान उड़ान भरने के कुछ सेकेंड बाद दुर्घटनाग्रस्त हुआ है, उसके दाहिने हिस्से के इंजन को 3 महीने पहले बदला गया था। जांच में पता चला है कि पहले इंजन की मरम्मत की गई, जिसके बाद उसे मार्च 2025 में दोबारा से लगाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 12 साल पुराने बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर की आखिरी बार विस्तृत रखरखाव जांच जून 2023 में हुई थी। अब इसकी अगली जांच दिसंबर 2025 में होगी, लेकिन उससे पहले हादसा हो गया। जांच में यह भी पता चला कि एयर इंडिया ने अप्रैल में बोइंग 787–8 ड्रीमलाइनर के लिए बीमा कवर 750 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 850 करोड़ रुपये कर दिया था। बता दें, सबसे बड़े विमान दुर्घटना में बीमा दावा 3,000 करोड़ रुपये का है। अहमदाबाद विमान हादसे के बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के बेड़े में शामिल सभी ड्रीमलाइनर विमानों की सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। इसे देखते हुए 12 जून से 17 जून तक करीब 66 उड़ानों को जांच के कारण रद्द किया गया है। अब तक एयरलाइन के 33 बोइंग 787 में 9 विमानों की जांच हो चुकी है, जबकि बाकी की जांच जारी है। जल्द ही जांच पूरी हो जाएगी। गुरुवार 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले बोइंग ड्रीमलाइनर एयर इंडिया एआई–171 कुछ सेंकेड में ही बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के समय विमान में 242 यात्री, 2 पायलट और 10 चालक दल के सदस्य सवार थे, जिसमें सिर्फ एक यात्री की जान बच सकी। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी हादसे में मौत हो गई।

# प्रधानमंत्री मोदी ने की डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत

**कहा–पाकिस्तान युद्धविराम में भारत ने मध्यस्थता नहीं स्वीकारी**



नईदिल्ली, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुरोध पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनसे फोन पर 35 मिनट बातचीत की। इस दौरान मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का मुद्दा उठाया और साफतौर पर कहा कि भारत–पाकिस्तान युद्धविराम में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने दोनों देशों के बीच किसी तीसरे देश की मध्यस्थता से भी इंकार किया है। उन्होंने कहा है कि भारत ने न कभी मध्यस्थता स्वीकारी है, न स्वीकार करता है और न कभी स्वीकार करेगा। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने वीडियो संदेश के माध्यम से बताया कि ट्रंप और मोदी की मुलाकात कनाडा में जी–7 शिखर सम्मेलन के दौरान होनी तय थी, लेकिन ट्रंप वहां से जल्द ही लौट गए। इसलिए यह मुलाकात नहीं हो पाई।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह के बाद मोदी की उनसे बात हुई थी। यह 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार ट्रंप और मोदी के बीच सीधी बातचीत थी।

### आयुष्मान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी मिलेगा इलाज

देहरादून। प्रदेश के सभी प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान योजना से जोड़े जाएंगे। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की मुख्य कार्यकारी अधिकारी रीना जोशी ने सभी सीएमओ को इसके निर्देश दिए हैं। दरअसल राज्य के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अभी तक आयुष्मान योजना से नहीं जुड़े हुए हैं। जबकि 83 में से 24 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी योजना में शामिल नहीं हैं। राज्य के कई हिस्सों से लोगों ने प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को योजना में शामिल करने की मांग की थी। ताकि आम लोगों को घर के आसपास ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल जाए। इसे देखते हुए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण ने सभी अस्पतालों को योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है।

# उत्तराखंड में बढ़ रहा तीर्थाटन का दायरा

**– चारों धाम के साथ ही अन्य मंदिरों में भी पहुंच रहे हैं श्रद्धालु**



देहरादून। चारधाम यात्रा में इस बार अब तक करीब 32 लाख यात्री पहुंच चुके है। अच्छी बात यह है तीर्थयात्री अब चारधामों के साथ ही अन्य मंदिरों / तीर्थ स्थलों में भी पहुंच रहे हैं। जिससे चारधाम यात्रा मार्ग की तरह, अन्य स्थानों पर भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो रही हैं। उत्तराखंड में स्थित चारों धामों में प्रतिवर्ष यात्रा काल के दौरान लाखों श्रद्धालु आते हैं। इस यात्रा सीजन में ही चारधाम और हेमकुंड के लिए कुल पंजीकरण की संख्या 44 लाख से अधिक हो चुकी है। इसमें यमुनोत्री धाम के लिए 713456, गंगोत्री के लिए 780554, केदारनाथ के लिए 1443513, बद्रीनाथ के लिए 1336923 और हेमकुंड के लिए 169180 पंजीकरण हुए हैं, जिसमें से अब तक करीब 32 लाख तीर्थयात्री यात्रा पूरी कर चुके हैं। चारधाम यात्रा मार्ग पर इसका सकारात्मक आर्थिक प्रभाव नजर आ रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार, अन्य तीर्थ स्थलों और धामों के भी प्रचार– प्रसार पर जोर देते रहे हैं, ताकि तीर्थयात्रियों के आने से इन क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो सके। इसका सकारात्मक असर रुद्रप्रयाग स्थित कार्तिकेय स्वामी मंदिर, उत्तरकाशी स्थित जगन्नाथ मंदिर के साथ ही अन्य मंदिरों में आने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या के रूप में नजर आने लगा है। आंकड़ों के मुताबिक कार्तिकेय स्वामी मंदिर में गत वर्ष करीब चार लाख तीर्थ यात्री पहुंचे थे, जबकि इस बार यह संख्या जून मध्य तक ही 10 लाख के पार पहुंच गई है। उत्तरकाशी में स्थित जगन्नाथ मंदिर में भी इस वर्ष अब तक 25 हजार तीर्थ यात्री पहुंच चुके हैं। जिस कारण अब चारधाम यात्रा मार्ग की तरह अन्य स्थानों पर भी होटल, रेस्टोरेंट, परिवहन, प्रसाद सहित तमाम तरह की गतिविधियां बढ़ रही हैं। जिससे स्थानीय लोगों की आजीविका को सहारा मिल रहा है।

उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए, सभी क्षेत्रों में तीर्थाटन, पर्यटन की गतिविधियां तेज होना जरूरी है। उत्तराखंड देवभूमि है, यहां प्रत्येक देवालय का अपना महत्व है। सरकार सभी तीर्थ स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं का विकास करने का प्रयास कर रही है।

**– पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# केदारनाथ यात्रा में दर्दनाक हादसा, दो की मौत



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ धाम की यात्रा मार्ग पर जंगलचट्टी घाट के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ। पहाड़ी से अचानक पत्थर गिरने की वजह से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब तीर्थयात्री पवित्र धाम की ओर बढ़ रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही रुद्रप्रयाग पुलिस और डीडीआरएफ की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। राहत और बचाव कार्य तेजी से शुरू किया गया और घायलों को तत्काल सहायता प्रदान की गई। पुलिस ने प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकालने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

श्री केदारनाथ धाम की पैदल यात्रा के दौरान बुधवार सुबह जंगलचट्टी के पास एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, जब अचानक पहाड़ी से मलबा और पत्थर गिरने से डंडी-कंडी संचालक और यात्री इसकी चपेट में आ गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अमले ने साहसिक और त्वरित रेस्क्यू अभियान चलाकर लोगों की जान बचाई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना बुधवार सुबह लगभग 11:20 बजे जंगलचट्टी गधेरे के पास घटी, जहां मलबा गिरने से कुछ लोग नीचे खाई में जा गिरे। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और डीडीआरएफ की टीमें सक्रिय हो गईं और संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। रेस्क्यू टीमों ने कुशलता से घायलों को खाई से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तत्काल गौरीकुंड अस्पताल भिजवाया। तीन घायलों में एक महिला को हल्की चोटें और दो पुरुषों को गंभीर चोटें आई हैं। प्रशासन ने घायलों के उचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की है। दुर्भाग्यवश, दो डंडी कंडी संचालकों की इस हादसे में मृत्यु हो गई।

**घायलों का विवरण**

1- संदीप कुमार (22 वर्ष), निवासी जम्मू-कश्मीर (पालकी मजदूर) दोनों पैरों व कमर में चोटें।

2- नितिन मन्हास (16 वर्ष), निवासी जम्मू-कश्मीर (पालकी मजदूर) दाहिने हाथ पर खरोंच।

3- आकाश चितरिया (40 वर्ष), निवासी गुजरात (यात्री) चोटों का इलाज जारी।

**मृतकों के नाम**

1- नितिन कुमार, निवासी जम्मू-कश्मीर (पालकी मजदूर)

2- चंद्रशेखर, निवासी जम्मू-कश्मीर (पालकी मजदूर)

### वन्यजीव के हमले में मजदूर की मौत

रुद्रपुर। खटीमा के जादोपुर में बुधवार सुबह खेत में धान की पौध लगा रहे मजदूर पर वन्यजीव ने हमला कर दिया। वह मजदूर को नदी की ओर खींच ले गया और मार डाला। सूचना पर वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची। विभाग ने यहां से वन्य जीव के पदचिह्न और बाल के सैंपल लिए हैं। मृतक के घाव से वन्यजीव का सलाइवा (लार) लिया गया है। सलाइवा और बाल डीएनएन जांच के लिए हैदराबाद भेजे जा रहे हैं और पदचिह्न वाइल्ड लाइफ को भेजे जा रहे हैं। बुधवार सुबह करीब पांच बजे कई मजदूर गुरुद्वारा के प्रधान जसवंत सिंह के खेत में पौध लगा रहे थे। तभी मजदूर 45 वर्षीय जितेंद्र सिंह पुत्र विश्राम सिंह ग्राम खनका तहसील बीसलपुर पीलीभीत नजदीक सरकंडे के खेत में शौच के लिए गया। इस दौरान एक वन्यजीव उसे खेत से खींचकर नदी की ओर ले गया। खेत में पौध लगा रहे अन्य मजदूरों के शोर मचाने पर सभी लोग ग्रामीणों के साथ वन्यजीव के पीछे भागे।

# दिल्ली–बाली एयर इंडिया उड़ान ज्वालामुखी विस्फोट के कारण वापस लौटी

**–कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस प्रभावित**



नईदिल्ली,दिल्ली से इंडोनेशिया के बाली जाने वाली एयर इंडिया की एआई–2145 उड़ान को गंतव्य हवाई अड्डे के पास ज्वालामुखी विस्फोट के कारण वापस राष्ट्रीय राजधानी ले आया गया।

बताया जा रहा है कि पूर्वी इंडोनेशिया में शक्तिशाली ज्वालामुखी विस्फोट के कारण एयर इंडिया समेत कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को वापस कर दिया गया है, जबकि कई उड़ानें रद्द हो गई हैं। एयर इंडिया उड़ान को भी उड़ान के बीच में वापस लौटने की सलाह दी गई थी। बताया जा रहा है कि सुरक्षा एहतियात के तौर पर कई एयरलाइंस ने बाली के नगुराह राय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर परिचालन स्थगित कर दिया है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित रूप से दिल्ली हवाई अड्डा उतर गए हैं। प्रभावित यात्रियों को होटल उपलब्ध कराने, पैसे वापसी और दोबारा से यात्रा की पेशकश की गई है।

एयर इंडिया के साथ वर्जिन ऑस्ट्रेलिया, जेटस्टार, एयर न्यूजीलैंड, सिंगापुर की टाइगरएयर, चीन की जुनेयाओ एयरलाइंस प्रभावित हुई हैं।

# केरल से दिल्ली तक बरस रहे बादल, सप्ताह के अंत तक देशभर में छाएगा मानसून



नईदिल्ली,। देश के कई राज्यों में मानसून के प्रवेश के साथ ही पहली भारी बारिश ने उथल–पुथल मचाना शुरू कर दिया है। मुंबई, कोंकण, कर्नाटक, केरल और गुजरात के कई हिस्सों में झमाझम बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बुधवार (18 जून) को पूर्वोत्तर राज्यों के अलावा उत्तर भारत के दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बारिश की संभावना जताई गई है। इस सप्ताह के अंत तक मानसून सभी राज्यों में पहुंच जाएगा। आईएमडी के मुताबिक, उत्तरी अरब सागर, गुजरात के शेष भागों, राजस्थान, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों, छत्तीसगढ़, झारखंड में मानसून आगे बढ़ सकता है। इसके साथ ही बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले 2 दिनों में इसके आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, गुजरात में निम्न दबाव वाले क्षेत्रों के प्रभाव से बारिश होने के आसार हैं। साथ ही पूर्वोत्तर भारत में अगले 2–3 दिन भारी बारिश की संभावना है।

दिल्ली एनसीआर में मंगलवार को कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश की वजह से मौसम सुहाना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को भी राजधानी के कुछ हिस्सों में झमाझम बारिश हो सकती है। इस दौरान बादल गरजने, बिजली गिरने और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।

दूसरी तरफ आर्थिक राजधानी मुंबई में सुबह से ही मेघ बरस रहे हैं और यहां भारी बारिश का अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश और बिहार में भी मानसून की आहट से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बिहार में कुछ जगहों पर झमाझम बारिश भी हो रही है।

बिहार के 6 जिलों में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 12 लोगों की मौत हो गई है।

दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में बुधवार को गरज–चमक के साथ बारिश होने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। 19–20 जून को मानसून के चलते भारी बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान में मंगलवार से मानसून पूर्व की गतिविधियों ने जोर पकड़ लिया है, जिससे प्रदेश बादल छाए रहने से गर्मी कमजोर पड़ गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में 1–2 दिन में मानसून दस्तक दे सकता है, जिससे पूर्वी इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। राज्य में अगले 7 दिनों तक बारिश और आंधी–तूफान की संभावना जताई गई है।

मध्य प्रदेश के कुछ जिलों में भारी बारिश के साथ 50–60 किमी/घंटा की तेज हवा चलने की संभावना है।

गुजरात के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटों में हुई मूसलाधार बारिश से कई नदियां उफान पर आने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। राज्य के कुछ हिस्सों में अगले 4 दिनों में अत्यधिक बारिश होने की संभावना है।

कर्नाटक में दक्षिण कन्नड़ क्षेत्र के लिए मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। यहां पिछले 24 घंटे में दोगुनी से अधिक बारिश दर्ज की गई। महाराष्ट्र, केरल समेत पूर्वोत्तर राज्यों में भी झमाझम बारिश के कारण हालात बिगड़े हुए हैं।

### गुजरात के बोटाद में बाढ़ के तेज बहाव में कार नदी में बही, 4 की मौत

अहमदाबाद,गुजरात के बोटाद जिले में 2 दिन से लगातार हो रही बारिश की वजह से बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई, जिससे एक ईको कार पानी के तेज बहाव के कारण नदी में बह गई। हादसा लाठीदार से संगावदर गांव जाने वाली सड़क पर हुआ। घटना के समय ईको कार में 9 यात्री सवार थे, जो पानी में बह गए। अभी तक पुलिस ने 2 यात्रियों को बचाया है, जबकि 4 की मौत हो गई है। 3 यात्री लापता हैं। शहर में हो रही तेज बारिश की वजह से जिले में कई नदियां और नाले उफान पर हैं। सड़कों पर पानी भर गया है और गांव तक का संपर्क मार्ग कट गया है। एनडीआरएफ छठी बटालियन के टीम कमांडर इंस्पेक्टर विनय कुमार भाटी ने बताया कि उनकी टीम राजकोट में तैनात थी,

## सम्पादकीय

## गुलजार देवों का द्वार

उत्तराखंड में इस बार चार धाम यात्रा शुरू होने के काफी उत्साह वर्धन रहे तो उधर न केवल चार धाम बल्कि राज्य के अन्य धार्मिक स्थलों में भी भक्तों ने गजब की आस्था दिखाई है। यात्रियों की संख्या काफी उत्साहित करने वाली है और उम्मीद की जा रही है कि शैक्षिक सत्र शुरू होने से पूर्व या आंकड़ा अभी हमने वाला नहीं है। देवों की भूमि उत्तराखंड अपने नाम को साकार कर रही है और यहां इस सीजन में तीर्थटन का दायरा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। चारधाम यात्रा में इस बार अब तक करीब 32 लाख यात्री पहुंच चुके है। अच्छी बात यह है तीर्थयात्री अब चारधामों के साथ ही अन्य मंदिरों / तीर्थ स्थलों में भी पहुंच रहे हैं। जिससे चारधाम यात्रा मार्ग की तरह, अन्य स्थानों पर भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो रही हैं। उत्तराखंड के लिए यह देवों का वरदान ही है कि यहां प्रतिवर्ष यात्रा काल के दौरान लाखों श्रद्धालु आते हैं। चारों धामों के अलावा हेमकुंड साहिब भी आस्था का एक बड़ा केंद्र है जहां इस बार अब तक  पंजीकरण की संख्या  169180 लाख से अधिक हो चुकी है। वही  यमुनोत्री धाम के लिए 713456, गंगोत्री के लिए 780554, केदारनाथ के लिए 1443513, बद्रीनाथ के लिए 1336923 पंजीकरण हुए हैं, जिसमें से अब तक करीब 32 लाख तीर्थयात्री यात्रा पूरी कर चुके हैं। सरकार की 4:54 व्यवस्थाओं के कारण चारधाम यात्रा मार्ग पर इसका सकारात्मक आर्थिक प्रभाव नजर आ रहा है। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी यात्रा शुरू होने से पूर्व व्यवस्थाओं को लेकर पूरी मशीनरी को एक्शन मोड पर रखे हुए थे ताकि जहां एक तरफ सुविधाओं का इजाफा हो तो वही तीर्थयात्रियों के आने से इन क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां तेज हो सके। इधर चार धाम यात्रा के लिए की गई व्यवस्थाओं का प्रभाव मार्ग पर पड़ने वाले अन्य मंदिरों में भी इस बार देखने को मिला है। रुद्रप्रयाग स्थित कार्तिकेय स्वामी मंदिर, उत्तरकाशी स्थित जगन्नाथ मंदिर के साथ ही अन्य मदिंरों में आने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या के रूप में नजर आने लगा है। उत्तरकाशी के जगन्नाथ मंदिर में भी इस वर्ष अब तक 25 हजार तीर्थ यात्री पहुंच चुके हैं। अच्छी बात यह है कि इस बार की व्यवस्थाओं ने कारोबार में भी कमाने का अच्छा अवसर प्रदान किया है और साथ ही सरकारी प्रयासों से कीमतों पर भी नियंत्रण किया गया है। आज उत्तराखंड के लिए पर्यटन राजस्व का एक सुदृढ़ माध्यम बन चुका है तथा उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए, सभी क्षेत्रों में तीर्थाटन, पर्यटन की गतिविधियों में सुधार के कारण देश–विदेश से लोगों का रुझान देवभूमि के लिए बड़ा है। राज्य सरकार सुविधाओं और सुरक्षा को लेकर कृत संकल्प है और यही कारण है कि चार धाम यात्रा के साथ अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए व्यापक प्रबंधन को प्राथमिकता पर रखा गया है।

# भारत में तकनीकी वस्त्र का बढ़ता दायरा

**गिरिराज सिंह**

कुछ साल पहले, तकनीकी वस्त्रों को एक सीमित खंड के रूप में देखा जाता था। इसका दायरा सीमित था, इसमें कम निवेश किया जाता था और आयात पर यह बहुत अधिक निर्भर था लेकिन आज, यह भारत के औद्योगिक परिवर्तन के केंद्र में हैं। यह बदलाव आकस्मिक नहीं है। यह माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप अपनाई गई रणनीति, नीतिगत दूरदर्शिता और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का परिणाम है। चाहे कोविड–19 संकट के दौरान पीपीई उत्पादन को बढ़ाना हो, स्वदेशी सुरक्षात्मक गियर के साथ सशस्त्र बलों को सुसज्जित करना हो या ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई के लिए महत्वपूर्ण सामग्रियों की आपूर्ति करना हो, तकनीकी वस्त्रों ने राष्ट्रीय तैयारियों और औद्योगिक प्रगति के कारक के रूप में अपनी भूमिका का प्रदर्शन किया है।

**श्रेष्ठ से रणनीतिक तकः नीतिगत अनिवार्यता**

राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) की समीक्षा बैठक के दौरान एक महत्वपूर्ण क्षण तब आया, जब मुझे इसरो के तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ से बातचीत करने का अवसर मिला। उन्होंने कार्बन फाइबर, अल्ट्रा–हाई मॉलिक्यूलर वेट पॉलीइथिलीन और नायलॉन 66 जैसे उच्च प्रदर्शन वाले एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक सामग्री की बढ़ती आवश्यकता को रेखांकित किया। उनका संदेश स्पष्ट थाः भारत को इस क्षेत्र में दूसरों पर निर्भरता को कम करने के लिए और हमारी वैज्ञानिक उन्नति के अगले स्तर के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए इन क्षेत्रों में स्वदेशी क्षमताओं का निर्माण करना चाहिए। इस बातचीत के दौरान प्रयोगशालाओं से लेकर लॉन्चपैड तक भारत की विकास गाथा में तकनीकी वस्त्रों के रणनीतिक महत्व को भी रेखांकित किया गया।

**लैब से लेकर लॉन्चपैड व युद्ध के मैदान तक**

रक्षा क्षेत्र ने भी इस परिवर्तन के रणनीतिक मूल्य को महसूस करना शुरू कर दिया है। उदाहरण के लिए हाल ही में हमारे सशस्त्र बलों द्वारा संचालित ऑपरेशन सिंदूर को लें, जहां सुरक्षात्मक कपड़ों और बैलिस्टिक गियर से लेकर छलावरण वाले कपड़ों और रासायनिक–जैविक सुरक्षा सूट तक तकनीकी वस्त्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चूंकि हमने घरेलू क्षमता निर्माण में जल्दी निवेश करना शुरू कर दिया था, इसलिए आज हम अपने रक्षा क्षेत्र को न केवल जनशक्ति के साथ, बल्कि वैश्विक मानकों को पूरा करने वाली सामग्री के साथ मदद पहुंचाने में सक्षम हैं, जिसे भारतीय धरती पर विकसित और निर्मित किया गया है।

**तकनीकी वस्त्रों को समझें**

तकनीकी वस्त्र वे विशेष प्रकार के कपड़े होते हैं, जो सौंदर्य की बजाय कार्यक्षमता के लिए बनाए जाते हैं जिन्हें अक्सर जीवन रक्षक या महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के तहत कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें बुलेट–प्रतिरोधी जैकेट, अग्निरोधी वर्दी, सर्जिकल गाउन, किसानों के लिए एंटी–बैक्टीरियल शीट, सड़क–सुदृढ़ीकरण जियो–ग्रिड और बहुत कुछ शामिल हैं। यह क्षेत्र जियोटेक, मेडिटेक, प्रोटेक, एग्रोटेक और बिल्डटेक सहित 12 प्रमुख खंडों में फैला हुआ है। 2024 तक, भारत के तकनीकी वस्त्र बाजार का मूल्य 26 बिलियन अमरीकी डॉलर था। हम 2030 तक 40–45 बिलियन अमरीकी डॉलर को छूने की राह पर हैं, जो 10–12 प्रतिशत की आकर्षक वार्षिक दर से बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर तकनीकी वस्त्र, कुल कपड़ा उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है जबकि भारत में यह आंकड़ा केवल 11 प्रतिशत है। हालांकि सही दिशा में प्रयास करने से हम इस अंतर को तेज़ी से कम कर रहे हैं।

**विकास को गति देने के लिए प्रमुख सरकारी पहल**

इस क्षेत्र की वास्तविक क्षमता को उजागर करने के लिए, भारत सरकार ने दो प्रमुख पहलों– राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) और वस्त्रों के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से कुल 12,000 करोड़ रुपए का परिव्यय किया है। ये कार्यक्रम अलग–अलग काम करने के बजाय, साथ मिलकर, भारत को तकनीकी वस्त्रों के एक वैश्विक केंद्र के रूप में बदल रहे हैं। एनटीटीएम के तहत, हम अनुसंधान और नवाचार में केंद्रित निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। 510 करोड़ रुपए की सरकारी मदद के साथ कुल 168 उच्च–प्रभाव वाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें से कई पहले ही प्रयोगशाला से बाजार में आ चुकी हैं जिनमें फायर एंट्री सूट का विकास और भू–वस्त्रों के लिए परिपत्र बुनाई तकनीक शामिल हैं।

**एनटीटीएमः नवाचार को बढ़ावा देना और कौशल प्रदान करना**

आत्मनिर्भरता के दृष्टिकोण से प्रेरित, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन नवाचार और कौशल विकास के लिए मजबूत नींव रख रहा है। वहीं 17 स्टार्टअप को ग्रेट (तकनीकी वस्त्रों में महत्वाकांक्षी नवप्रवर्तकों के लिए अनुसंधान और उद्यमिता के लिए अनुदान) योजना के तहत सहायता मिली है। 2,000 से अधिक छात्र 41 शीर्ष संस्थानों में तकनीकी वस्त्र पाठ्यक्रम कर रहे हैं जो 16 उद्योग–आधारित कौशल मॉड्यूल द्वारा समर्थित हैं और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल को आकार दे रहे हैं।

**मांग पैदा करना, वैश्विक उपस्थिति को बढ़ावा देना**

मुख्य स्तंभ के रूप में बाजार विकास के साथ, एनटीटीएम घरेलू स्तर पर अपनाने के साथ–साथ वैश्विक पहुंच का भी विस्तार कर रहा है। स्वास्थ्य सेवा, कृषि, बुनियादी ढांचे और रक्षा जैसे क्षेत्रों में 73 तकनीकी वस्त्र सामग्रियों के अनिवार्य उपयोग ने उन्हें सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एकीकृत किया है। भारत टेक्स 2025 सहित 30 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों ने भारत की स्थिति को मजबूती दी है। इस बीच, कुल मिलाकर मानव निर्मित कपड़ा निर्यात 2020–21 में 4.2 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2024–25 में 5.3 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया। वहीं आयात में कमी से बढ़ती आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धात्मकता का संकेत मिलता है।

**प्रदर्शन को नीति से जोड़नाः पीएलआई ढांचा**

निजी क्षेत्र में, प्रदर्शन को पुरस्कृत किया जाता है। जो लोग लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने और देश के रोजगार परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यही सिद्धांत अब उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के माध्यम से हमारी औद्योगिक नीति को दर्शाता है। यानी प्रोत्साहन अब सब्सिडी नहीं, बल्कि प्रदर्शन से जुड़े पुरस्कार हैं। भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए, विनिर्माण को एक मिशन की तरह माना जाना चाहिए, जिसमें स्पष्ट मीट्रिक, वाणिज्यिक व्यवहार्यता और विकासोन्मुख मानसिकता हो।एनटीटीएम और पीएलआई साथ मिलकर एक दोहरे इंजन का काम करते हैंः जहां एनटीटीएम अनुसंधान, शिक्षा और कौशल विकास के माध्यम से नींव रखता है, पीएलआई योजना विकास को गति दे रही है। योजना के तहत चयनित 80 कंपनियों में से आधे से अधिक (ठीक 56.75 प्रतिशत) तकनीकी वस्त्र के क्षेत्र में काम कर रही हैं। यह उद्योग के आत्मविश्वास का एक मजबूत संकेतक है। इस समर्थन की बदौलत, हमने 7,343 करोड़ रुपए का नया निवेश देखा है जिससे 4,648 करोड़ रुपए का प्रभावशाली कारोबार और 538 करोड़ रुपए का निर्यात हुआ है। सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए, कपड़ा मंत्रालय ने सक्रिय कदम उठाए हैं। हमने तीन मौकों यानी जून 2023, अक्टूबर 2024 और फरवरी 2025 पर तकनीकी वस्त्रों के लिए एचएसएन कोड जारी किए और सीमा शुल्क और अनुपालन को स्पष्ट करने के लिए अक्सर पूछे जाने वाले सवाल भी जारी किए। फरवरी 2025 में हुए एक महत्वपूर्ण संशोधन के कारण कुल 54 करोड़ रुपए का प्रोत्साहन संवितरण समय से पहले संभव हुआ।

हमारी महत्वाकांक्षाएं, घरेलू सीमाओं से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। इन क्षेत्रों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देकर, यह योजना भारत को चीन, वियतनाम और बांग्लादेश जैसे अग्रणी वैश्विक कपड़ा निर्यातकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए रणनीतिक रूप से तैयार कर रही है।

अब तक का प्रभाव

हमारी संयुक्त पहलों का असर पहले से ही दिखाई दे रहा है। तकनीकी वस्त्रों के लिए भारत का घरेलू बाजार 10 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024–25 में निर्यात 2.9 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा। मार्च 2025 तक, हमने 5,218 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित किया है और 8,500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार सृजित किया है। अकेले तकनीकी वस्त्रों ने 3,242 करोड़ रुपए का कारोबार किया है जिसमें 217 करोड़ रुपए का निर्यात शामिल है। ये आंकड़े सिर्फ संख्याएं नहीं हैं, यह इस बात का प्रमाण है कि हमारी रणनीति काम कर रही है।

**सतत् और आत्मनिर्भर भविष्य की ओर**

स्थिरता और चक्रीयता भारत की तकनीकी वस्त्र रणनीति के केंद्र में हैं। जूट, भांग, रेमी, कपास, रेशम और यहां तक कि मिल्कवीड जैसे प्राकृतिक रेशों को उच्च–प्रदर्शन अनुप्रयोगों के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है, जो पर्यावरण को लाभ पहुंचाते हुए हमारे किसानों और उद्योगों को सशक्त बना रहे हैं। प्रकृति–आधारित समाधान, शक्तिशाली उपाय के रूप में उभर रहे हैं जो पारंपरिक रेशों के साथ नवाचार को मिलाते हैं। उदाहरण के लिए, कश्मीरी पश्मीना से निकलने वाले कचरे का उपयोग अब इंसुलेशन बनाने में किया जाता है, कपास और रेशम का उपयोग घाव की ड्रेसिंग और ऊतक इंजीनियरिंग में किया जा रहा है और रेशम का उपयोग 3डी प्रिंटिंग में किया जा रहा है। जूट बायोडिग्रेडेबल मेडिकल इम्प्लांट, ऑटोमोबाइल के लिए हल्के कंपोजिट फाइबर, पर्यावरण के अनुकूल निर्माण सामग्री और टिकाऊ फर्नीचर बनाने में सक्षम है। साथ ही, हम घरेलू मशीनरी विनिर्माण को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिसके तहत 68,000 करोड़ रुपए मूल्य के सामान के उत्पादन के लिए 25 परियोजनाएं चल रही हैं। इनसे निर्यात में 6,700 करोड़ रुपए का योगदान मिलने की उम्मीद है जो वास्तव में आत्मनिर्भर और टिकाऊ औद्योगिक भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। केंद्रीय कपड़ा मंत्री के रूप में, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि भारत न केवल वैश्विक तकनीकी वस्त्र आंदोलन में भाग ले रहा है, हम इसका नेतृत्व करने के लिए खुद को तैयार भी कर रहे हैं। एनटीटीएम और पीएलआई की संयुक्त शक्ति के साथ, हम नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं, रोजगार पैदा कर रहे हैं, निर्यात को मजबूत कर रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती ला रहे हैं। हमारे रक्षा और कृषि क्षेत्रों को मदद देने से लेकर बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण तक, तकनीकी वस्त्र भारत के लिए एक नई औद्योगिक पहचान को आकार दे रहे हैं और यह केवल एक शुरुआत है।

# ईरान पर इसराइल का मिसाइलों से हमला, मध्य एशिया में तबाही संकेत?

**अजय दीक्षित**

13 जून को जब ईरान की राजधानी तेहरान में सुबह 7 बजे  इजरायली मिसाइलों और ड्रोन के हमलों से लगभग 1000 वर्ग किलोमीटर में भीषण विस्फोट हुए।इन हमलों में 78 सेना के कमांडर और कई वैज्ञानिक मारे गए।यह संयोजित हमला था।तेल अबीब में इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि यह हमला हमने किया है और इस तरह के और भी हमले इसराइल ईरान के न्यूक्लियर कार्यक्रम को नेस्तानाबूद करने के लिए करता रहेगा जब तक कि पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता है।दूसरी ओर ईरान के सवोच्च नेता अयातुल्ला अली खुमैनी ने कहा कि इसराइल को खून के आंसू रोने पड़ेंगे।ईरान इसराइल से पूरा बदला लेगा उन्होंने इस हमले को अमेरिका की घृणित नीति बताया है। शुक्रवार की नमाज में ईरान ने नागरिकों की एक जुटाता दिखाई।

मध्य एशिया में अब हालत बहुत खराब होने वाले हैं। आज के हमलों के बाद अंतराष्ट्रीय तेल बाजार में क्रूड ऑयल के दाम आठ फीसदी बढ़ गए हैं क्योंकि ईरान , लीबिया, सीरिया, लेबनान, सऊदी अरब, कतर, यमन, दोहा, कुवैत, इसराइल,इराक क्रूड ऑयल के सबसे बड़े उत्पादक देश हैं।पूरे विश्व में क्रूड ऑयल इन देशों से निर्यात किया जाता है। पहले ही विगत डेढ़ साल से हमास और इसराइल युद्ध चल रहा है।हमास पालिस्टिन के शासक है। पालिस्टिन में हालत बहुत खराब है।गाजा में बड़े, बच्चे, बुजुर्ग भूखे मर रहे हैं।लोग अंतराष्ट्रीय राहत सामग्री को लूट रहे हैं और इजरायली सेना की गोलियों का शिकार बन रहे हैं। ताजा मामला में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कि हमारा इस हमले कोई लेना देना नहीं है। लेकिन अमेरिका ईरान से कहना चाहते हैं कि ईरान को न्यूक्लियर कार्यक्रम के बारे में जानकारी देना चाहिए।अगर इजरायल का अस्तित्व इससे जुड़ा है तो इज़राइल को विश्वास में लिया जा सकता है लेकिन ईरान के सवोच्च नेता अयातुल्ला खुमैनी इजरायल को सबक सिखाने चाहते हैं।

यह लड़ाई अब येरूशलम और मक्का मदीना की बनती जा रही है। मध्य एशिया के देश इज़राइल का स्थाई हल चाहते हैं। क्योंकि फलस्तीन पूरी तरह अपनी जमीन खो चुकी है। अब बस गाजा पट्टी में ही जगह है। ईरान हमेशा से लगभग 45 वर्षों से अमेरिका के खिलाफ है। 16,लाख वर्ग किलोमीटर में फैले इस नौ करोड़ आबादी वाली ईरान को पूर्व में फारस कहते थे। यहां 1800 ईसवी से पहलवी सल्तनत थी और रजा पहलवी शासक थे।1953 में उनका पुत्र अली पहलवी शासक हुआ।1979 में फरवरी में ईरानी क्रांति हुई और इस्लामिक गणराज्य बना ।तेहरान को राजधानी बनाया गया था।

## पाकिस्तान पारी से हारा

भारत के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने  'ऑपरेशन सिंदूरइ के तहत पाकिस्तान पर भारत की निर्णायक जीत का जिक्रकरने के लिए क्रिकेट की एक आकषर्क उपमा का इस्तेमाल किया। कहा कि भारत ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 'पारी से हराइ दिया। जनरल चौहान सावित्री बाई फुले पुणो विविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग द्वारा आयोजित 'भविष्य के युद्ध और संघषइ 'पर अपना भाषण पूरा करने के उपरांत सीडीएस वहां मौजूद विद्वानों के सवालों का जवाब दे रहे थे। क्रिकेट की उपमा देने से पहले जनरल चौहान ने फुटबॉल मैच का जिक्रकिया था। कहा था, 'मान लीजिए आप एक फुटबॉल मैच में जाते हैं, और 4–2 से जीत जाते हैं, प्रतिद्वंद्वी ने दो गोल किए और आपने चार गोल किए। तो यह बराबरी का मैच रहा। इसके तुरंत बाद उन्होंने रूपक के जरिए शत्रुता के परिणाम के बारे में स्पष्ट रूप से अंतर समझाने के लिए क्रिकेट का सहारा लिया। इस प्रकार भारत के शीर्ष कमांडर ने प्रकारांतर से भारत को हुए नुकसान की बात भी कही जब कहा कि पेशेवर सेनाएं अस्थायी नुकसान से प्रभावित नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि नुकसान महत्त्वपूर्ण नहीं होता, परिणाम महत्त्वपूर्ण होता है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान को भारत हजारों जख्म देकर लहूलुहान करने की नीति पर चल रहा है, और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए से सीमा पार से आतंकवाद के खिलाफ भारत ने स्पष्ट लक्ष्मण रेखा खींच दी है। दरअसल, सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के नजरिए अब स्पष्ट बदलाव देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले से कुछ रोज पहले पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष जनरल आसिम मुनीर ने भारत को लहुलुहान करते रहने की कुत्सित मंशा जतलाई थी।

# अनंतिका सानिलकुमार की फिल्म 8 वसंतालु का ट्रेलर रिलीज़, 20 जून को होगी रिलीज़



जैसे–जैसे रिलीज़ की तारीख नज़दीक आ रही है, 8 वसंतलु के निर्माता नियमित अपडेट के साथ आ रहे हैं। प्रमुख पैन–इंडिया प्रोडक्शन हाउस माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, इस फिल्म का निर्देशन फणींद्र नरसेट्टी ने किया है और इसमें अनंथिका सानिलकुमार मुख्य भूमिका में हैं। इसे नवीन यरनेनी और वाई. रविशंकर ने प्रोड्यूस किया है। इसकी झलकियाँ, टीज़र और गानों ने काफ़ी चर्चा बटोरी। आज, वे फिल्म का थिएट्रिकल ट्रेलर लेकर आए। ट्रेलर की शुरुआत एक ऐसे दृश्य से होती है जिसमें अनंथिका के किरदार को अपने पिता की चिता को जलाने का अधिकार नहीं दिया जाता है, यह एक ऐसा क्षण है जो परंपरा में निहित है, फिर भी कच्ची भावनाओं से चुनौती दी गई है। पितृसत्तात्मक रीति–रिवाजों पर उनका सवाल, क्या एक बेटी अपने पिता को मोक्ष नहीं दिला सकती?, एक ऐसी फिल्म की टोन सेट करता है जो न केवल एक महिला की यात्रा के बारे में है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही सामाजिक वर्जनाओं का सामना करने के बारे में भी है। इसके बाद बदलाव की कहानी है। हम उसे अपने पिता से मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित होते हुए देखते हैं, जो खुशी, प्यार, दिल टूटने और अन्याय के दौर से गुज़रती है। आठों सीज़न में से हर सीज़न, वसंतलु उसके विकास में एक महत्वपूर्ण मोड़ को दर्शाता है।

ट्रेलर में एक दुखी बेटी से एक उग्र महिला में उसके परिवर्तन को चतुराई से दर्शाया गया है, जो उन्हीं मानदंडों के खिलाफ़ लड़ती है, जिन्होंने कभी उसे चुप करा दिया था। अनंथिका सानिलकुमार ने एक ऐसा अभिनय किया जो भावनात्मक गहराई और शारीरिक तीव्रता के बीच संतुलन बनाता है। वह सूक्ष्मता के साथ कमजोरी और दृढ़ विश्वास के साथ ताकत को दर्शाती है, खासकर एक स्थानीय मटन की दुकान में सेट किए गए एक मनोरंजक एक्शन सीक्वेंस में, जो उसके आंतरिक विद्रोह के लिए एक दृश्य रूपक के रूप में सामने आता है।

## इंग्लैंड बनाम भारत: विराट कोहली को लेकर बेन स्टोक्स ने दिया बड़ा बयान

नईदिल्ली, इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 20 जून से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज शुरू होने वाली है। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने विराट कोहली को लेकर बड़ा बयान दिया है। उनका मानना है कि इस सीरीज में भारतीय टीम को कोहली की लड़ने वाली भावना की कमी जरूर खलेगी।

कोहली ने इस सीरीज से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इंग्लैंड क्रिकेट द्वारा जारी एक वीडियो में स्टोक्स ने कहा, "मुझे लगता है भारत को कोहली की लड़ने की भावना की कमी जरूर खलेगी। मैदान पर उनके द्वारा टक्कर देने की ताकत और जीत की ललक यही उनकी सबसे बड़ी पहचान रही है। उन्होंने अपनी जर्सी का नंबर 18 ऐसा बना लिया था कि अब किसी और की पीठ पर वो नंबर देखना थोड़ा अजीब लगेगा। वह भारत के लिए लंबे समय तक शानदार खिलाड़ी रहे हैं।" टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ने बताया कि जब कोहली ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप को अलविदा कहा तो उन्होंने उन्हें मैसेज भेजा था।

# टी—20 क्रिकेट: ग्लेन मैक्सवेल ने जड़ा शतक, रोहित शर्मा के बड़े रिकॉर्ड की कर ली बराबरी




नईदिल्ली, मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 के 8वें मुकाबले में वाशिंगटन फ्रीडम के कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार शतकीय पारी (106) खेली। उन्होंने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने टी–20 करियर का 8वां शतक जड़ा। रोहित शर्मा के भी टी–20 क्रिकेट में 8 शतक हैं।

मैक्सवेल अब टी–20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले संयुक्त रूप से 5वें खिलाड़ी बन गए हैं।

वाशिंगटन फ्रीडम के 5 बल्लेबाज सिर्फ 92 रन पर पवेलियन लौट गए थे। यहां से मैक्सवेल ने पारी को संभाला और सिर्फ 49 गेंदों का सामना करते हुए 106 रन बनाए। उनके बल्ले से 2 चौके और 13 गगनचुंबी छक्के निकले। उनकी स्ट्राइक रेट 216.33 की रही। उनकी इस धमाकेदार पारी के ही कारण उनकी टीम 20 ओवर में 208/5 का स्कोर बनाने में सफल रही। जवाब में नाइट राइडर्स की टीम सिर्फ 95 रन पर ही ऑलरआउट हो गई। मैक्सवेल टी–20 क्रिकेट में संयुक्त रूप से 5वें सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने रोहित शर्मा, माइकल क्लिंगर, आरोन फिंच, डेविड वार्नर और जोस बटलर की बराबरी कर ली है। इन सभी खिलाड़ियों ने भी टी–20 क्रिकेट में 8–8 शतक लगाए हैं। इस सूची में पहले स्थान पर क्रिस गेल हैं। उन्होंने अपने टी–20 करियर में 22 शतक लगाए हैं।

# भिखारियों का पता नहीं होता.. धनुष—नागार्जुन की कुबेर का धांसू ट्रेलर आउट



धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर कुबेर का मोस्ट अवेटेड ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है. कुबेर इस वक्त सबसे चर्चित प्रोजेक्ट में से एक रहा है. नागार्जुन अक्किनेनी, धनुष और रश्मिका मंदाना जैसी शानदार कास्ट के साथ, सोशल थ्रिलर के टीजर और पोस्टर्स को काफी पसंद किया गया था और दर्शक ट्रेलर का इंतजार कर रहे थे. सिनेमाघरों में रिलीज होने से कुछ दिन पहले, कुबेर का ट्रेलर सामने आया है और यह एक सोशल थ्रिलर के बीच एक नए विजन का वादा करता है. 2 मिनट और 38 सेकंड की क्लिप दर्शकों को एक रोमांचक कहानी की रोलर कोस्टर राइड पर में ले जाती है जिसमें सभी एक्टर्स अपने–अपने रोल में डूबे हुए नजर आए हैं. धनुष ने एक भिखारी की भूमिका निभाई है जो शहर में ऐसे ही घूम रहा है जिसे नागार्जुन एक बड़ा मौका देते हैं. हालांकि जल्द ही धनुष के किरदार को शहर में कुछ अमीर और सत्ता में बैठे लोगों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रष्टाचार का पता चल जाता है और वह सीधा सिस्टम से टक्कर लेते हुए नजर आते हैं हालांकि यह कैसे और किस तरह होगा इस बारे में ट्रेलर में खुलासा नहीं किया गया है.

## द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3 के पहले एपिसोड में नजर आएंगे सलमान खान, पोस्टर आउट

जाने–माने कॉमेडियन कपिल शर्मा के लोकप्रिय कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो अपने तीसरे सीजन के साथ लौट रहा है। इस शो के अब तक 2 सीजन आ चुके हैं, जिन्होंने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। नए सीजन में नवजोत सिंह सिद्धू की भी वापसी हो रही है।द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3 के पहले एपिसोड के मेहमान कोई और नहीं, बल्कि अभिनेता सलमान खान होंगे। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है।

द ग्रेट इंडियन कपिल शो 3 के पहले एपिसोड को आप 21 जून को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने इसकी पुष्टि करते हुए लिखा, स्वैग से करेंगे ।

# इंग्लैंड बनाम भारत, पहला टेस्टः इन खिलाड़ियों के बीच देखने को मिल सकती है जोरदार टक्कर



नईदिल्ली,18 जून। इंग्लैंड क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच 20 जून से हेडिंग्ले, लीड्स में सीरीज का पहला टेस्ट खेला जाएगा। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड टीम बेहद मजबूत नजर आ रही है। दूसरी तरफ पहली बार शुभमन गिल भारत का नेतृत्व करते दिखेंगे। इस पहले टेस्ट में दोनों टीमों के खिलाड़ियों बीच आपस में रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है।

ऐसे में आइए संभावित भिड़ंत के बारे में जानते हैं। इंग्लैंड में सभी की निगाहें जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन पर होगी। वह इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं।

दोनों के बीच अब तक 32 पारियों में आमना–सामना हुआ है। इस दौरान बुमराह ने रूट को 13 बार आउट किया है। रूट 25.61 की औसत से 333 रन ही बना पाए हैं। रूट ने बुमराह के खिलाफ 42 चौके लगाए हैं। हालांकि, वह छक्का लगाने में कामयाब नहीं हो पाए हैं।

भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ खूब रन बनाते हैं।

ऐसे में इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज शोएब बशीर और उनके बीच एक जोरदार भिड़ंत देखने को मिल सकती है। दोनों पहली बार टेस्ट क्रिकेट में आमने–सामने होंगे। पंत स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ 51.25 की औसत से 54 पारियों में कुल 1,435 रन बना चुके हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 88.25 की रही है।

## एक नजर

### 23 को सचिवायल कूच करेंगे एसोसिएशन से जुड़े शिक्षक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर अनुसूचित जाति-जनजाति शिक्षक एसोसिएशन से जुड़े शिक्षक 23 जून को देहरादून सचिवालय कूच करेंगे। आंदोलन को सफल बनाने के लिए एसोसिएशन ने अधिक से अधिक शिक्षकों से सहयोग की अपील की।

बुधवार को एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष जगदीश राठी ने कहा कि रैली को सफल बनाने के लिए शिक्षकों से सहयोग की अपील की जा रही है। कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी सरकार जस्टिस इरशाद हुसैन आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं कर रही। एसोसिएशन की प्रमुख मांग 2019 के बाद रोस्टर प्रणाली में उत्पन्न खामियों को तत्काल दूर करने, सरकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने हेतु रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करवाने, शिक्षा और सरकारी संस्थाओं के निजीकरण का सख्ती से विरोध करने, उपनल और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थायी करने से पहले एससी/एसटी आरक्षण का पूर्ण पालन करने, राज्य में पुरानी पेंशन योजना को पुनः बहाल करने की है। कहा कि 23 जून को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से शिक्षक देहरादून सचिवालय कूच करने को पहुंचेगे। इस मौके पर सोहन लाल बिजेंद्र, सुरेंद्र लाल अर्य, शिव कुमार, प्रमोद चौधरी, जॉनी नीरज, विजय दीपक, अनूप पाठक, बबीता पाठक आदि मौजूद रहे।

### योग से निरोग रहने का दिया संदेश

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व बुधवार को भारत स्वाभिमान न्यास व पतंजलि योग समिति की ओर से टाटा परिसर में साधकों को योग का पूर्वाभ्यास कराया गया।

पूर्वाभ्यास का आरंभ मुख्य अतिथि वार्ड नं. 12 पार्षद आरती खर्कवाल व केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग से शरीर निरोग रहता है। इसलिए सभी को समय निकालकर योग अवश्य करना चाहिए। तत्पश्चात साधकों को अनुलोम-विलोम, कपालभाती और सूर्य नमस्कार सहित अन्य योगासनों का अभ्यास कराया गया। इस दौरान विजय नौटियाल, उषा असवाल, विजय कुमार, मनोहरलाल और वैभव रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रिखणीखाल थाना पुलिस आमजन को नशे सहित अन्य विषयों को लेकर जागरूक करने में जुटी हुई है। रिखणीखाल थाना प्रभारी मो. अकरम ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आपरेशन लगाम के तहत नदी किनारे, कालेज, हास्टल, सार्वजनिक स्थानों पर मादक पदार्थों के सेवन करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में क्षेत्रीय जन को जागरूक करते हुए सार्वजनिक स्थान पर मादक पदार्थ का सेवन न करने का कहा जा रहा है। बताया कि निर्देशों का अनुपालन न करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की जा रही है।

### एसडीएम सतपुली ने मारा छापा, अवैध खनन में संलिप्त डंपर का किया चालान

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : तहसील प्रशासन को क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायत मिलने के बाद सतपुली एसडीएम ने मंगलवार की शाम को छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान एक डंपर को मौके से पकड़ा गया, लेकिन वह भागने में सफल रहा तो उसका ऑन लाइन चालान किया गया।

वहीं इस घटना से संबंधित एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सतपुली के एसडीएम श्रेष्ठ गुनसोला ने बताया कि शिकायत पर बिलखेत होते हुए मंगोल, बड़ेथ और सीला क्षेत्र में चेकिंग के लिए वह टीम के साथ पहुंचे। इस दौरान एक डंपर को चेक किया गया तो उसके पास वैध रवाना नहीं पाया गया। डंपर में रेत भरी हुई थी। जिस पर डंपर को वहीं रोकते हुए पूछताछ शुरू की गई। इस बीच कुछ ग्रामीण भी मौके पर जुट गए थे और शोर शराबे के बीच डंपर चालक वहां से भाग गया। डंपर चालक के मौके से फरार होने के बाद इसकी फोटो सहित जिला खनन अधिकारी से संपर्क किया गया। इसके बाद ऑन लाइन चालन की कार्रवाई अमल में लाई गई। वायरल वीडियो को लेकर एसडीएम ने बताया कि अवैध खनन की शिकायत वाले क्षेत्र सीला, बड़ेथ, मंगोल का रास्ता पौड़ी तहसील क्षेत्र से होकर ही जाता है। मौके पर पुलिस टीम साथ न होने और भीड़ जुटती देख वह अपने वाहन से थोड़ी दूर चले गए थे। बाद में सतपुली थाने से पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गई थी।

# खाली मैदान बन रहे कूड़ा डंपिंग जोन, बीमारियों का खतरा


कोटद्वार में खाली भूमि पर जमा कूड़े का ढेर

### कोटद्वार क्षेत्र में लगातार बिगड़ रही सफाई व्यवस्था

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए निगम की ओर से वाहनों का संचालन किया जा रहा है। लेकिन, अब भी कई ऐसे व्यक्ति हैं जो अपने घर व प्रतिष्ठानों का कूड़ा खाली मैदान में उड़ेल रहे हैं। ऐसे में आबादी के बीच एकत्रित कूड़े के ढेर से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। हवा के साथ दुर्गंध चारों ओर फैल रही है। यही नहीं, गर्मी बढ़ने पर कूड़ा आग भी पकड़ने लगता है।

शहर में शायद ही कोई ऐसा वार्ड हो, जहां खाली प्लाट में कूड़े के ढेर न दिखाई दें।

रात के अंधेरे में कई परिवार अपने घरों में एकत्रित कूड़े को इन खाली प्लाट में डाल देते हैं, जिससे कई स्थानों पर वर्षों से कूड़े का ढेर लगा हुआ है। गर्मी बढ़ने के साथ ही अब यह कूड़े का ढेर मुसीबत बनता जा रहा है। तेज हवा के साथ उड़ रही दुर्गंध के कारण आसपास के परिवारों का कमरों में बैठना भी मुश्किल हो जाता है।

स्थानीय निवासी धीरज सिंह, अर्जुन कुमार ने बताया कि शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाने के लिए नगर निगम लगातार अभियान चला रहा है। लेकिन, आमजन लापरवाह बना हुआ है। डंपिंग जोन बने इन खाली प्लाट के समीप से गुजरना भी मुश्किल हो गया है।

**स्कूल के गेट पर डंपिंग जोन**

देवी रोड में प्राथमिक विद्यालय सिताबपुर के प्रवेश द्वार को ही लोगों ने कूड़ा डंपिंग जोन बना दिया है। पूर्व में नगर निगम ने उक्त स्थान पर चेतावनी का बोर्ड भी लगाया था। लेकिन, असामाजिक तत्वों ने उस बोर्ड को ही उखाड़ गायब कर दिया। स्कूल के गेट पर जमा गंदगी के कारण विद्यार्थियों व शिक्षकों को बीमारियों का खतरा सता रहा है। साथ ही प्रवेश द्वार पर जमा गंदगी के कारण स्कूल में प्रवेश करना भी चुनौती बन गया है।

# कांग्रेस ने फूंका भाजपा नेता का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : केदारनाथ हैलीकॉप्टर हादसे को लेकर विवादित बयान देने पर जिला कांग्रेस कमेटी ने भाजपा नेता दुष्यंत गौतम का पुतला दहन किया। कहा कि इस बयान के लिए भाजपा को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने मालवीय उद्यान स्थित कार्यालय से तहसील तिराहे तक आक्रोश रैली निकाली। कहा कि कुछ दिन पूर्व केदारघाटी में हैलीकॉप्टर दुर्घटना हुई थी, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। इस दुर्घटना को लेकर भाजपा नेता का एक बयान वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे है ऐसा हैलीकॉप्टर नहीं बना है जो दुर्घटनाग्रस्त न हो और ऐसी दुर्घटना होती रहती है। कहा कि भाजपा नेता का यह बयान शर्मसार करने वाला है और नेताओं की मानवीय संवेदना पूरी तरह खत्म हो चुकी है और वह केवल सत्ता का सुख भोगना चाहते हैं। कहा कि इस तरह की बयानबाजी के लिए भाजपा को जनता से माफी मांगनी चाहिए। पुतला दहन करने वालों में रंजना रावत, रमेश चंद्र खंतवाल, गोपाल सिंह गुसाईं, बलवीर सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, देवेंद्र, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती, विमलेश नेगी, योगंबर सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह, गोकुल सिंह नेगी, इमरान सैफी, देवेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, मनोज बिष्ट, तनुज पाल सिंह, चंद्रमोहन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।


कोटद्वार में भाजपा नेता का पुतला दहन करते कांग्रेसी

# चार नाबालिग बच्चों के वाहनों को किया सीज, 1 लाख का वसूला जुर्माना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिले की पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और नाबालिगों के दोपहिया वाहन चलाने पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने चार नाबालिग स्कूली बच्चों के वाहनों को सीज करते हुए 1 लाख का जुर्माना भी वसूला है। साथ ही पुलिस ने ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट पहने रेश ड्राइविंग करने वाले 14 वाहनों को भी सीज किया है।

कोतवाल कमलेश शर्मा ने बताया कि शहर में नाबालिग स्कूली बच्चों द्वारा तेज रफ्तार से दोपहिया वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट पहने रेश ड्राइविंग करने की शिकायत मिली थी। जिस पर अभियान चलाते हुए 4 नाबालिग स्कूली बच्चों के वाहनों को सीज करते हुए 1 लाख का जुर्माना भी वसूला है। नाबालिग स्कूली बच्चों के अभिभावकों को बुलाकर बच्चों की काउंसलिंग भी कराई।

बताया कि शहर के निजी व सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्य व स्कूल प्रबंधकों को भी इस संबंध में नोटिस जारी कर बिना हेलमेट ट्रिपल राइडिंग और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले स्कूल के बच्चों के विरुद्ध भी स्कूल स्तर से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई नहीं किए जाने पर स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाल ने बताया कि इसके साथ ही क्षेत्र मे शराब पीकर वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों को गिरफ्तार कर वाहनों को सीज किया गया।

### गंगा योग का भौगोलिक और आध्यात्मिक आधार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी की नमामि गंगे इकाई द्वारा मजरा महादेव मंदिर में आयोजित योग शिविर का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधि विजय सिंह रौथाण ने किया।

शिविर में योगाभ्यास, पौराणिक वेद-पुराणों, नदियों की सभ्यता एवं संस्कृति पर विचार विमर्श किया गया। बुधवार को आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए नमामि गंगे के नोडल डॉ. खिलाप सिंह ने कहा कि गंगा और योग दोनों आत्मा की शुद्धता, शांति और मुक्ति के प्रतीक हैं।

गंगा योग का भौगोलिक और आध्यात्मिक आधार रही है और योग गंगा जैसी शुद्धता की ओर यात्रा का साधन है। नदियां मानव सभ्यता की जननी रही हैं। प्राचीन काल से ही नदियों के किनारे सभ्यताओं का विकास हुआ है।

# जीएमओयू लिमिटेड में घोटाले का पर्दाफाश, नौ गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : गढ़वाल मोटर ओनर्स यूनियन लिमिटेड (जीएमओयू) में हुए करोड़ों के घोटाले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। मामले में पुलिस ने पूर्व अध्यक्ष सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

मामले में पांच मार्च को लिमिटेड के महाप्रबंधक विजय पाल की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि पूर्व पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने सुनियोजित पड्यंत्र के तहत फर्जी बिल व अन्य दस्तावेज बनाकर 2.50 करोड़ रुपये का घोटाला किया है।

जिसके बाद पुलिस जांच में सामने आया कि पेट्रोल पंप बिल्डिंग, कंप्यूटर मरम्मत, फर्नीचर मेंटेनेंस, दान-पूजा, बिजली-पानी खर्च जैसे मदों में फर्जी बिल, मृत कर्मचारियों को जीवित दिखाकर उनके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर कंपनी के बैंक खातों से करोड़ों की रकम निकाली गई है। अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि मामले में विवेचना में सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में दो करोड़ 48 लाख, 43 हजार 27 रुपये का गबन किया गया। साथ ही समय-समय पर खातें से करोड़ों का गबन हुआ है। बताया कि जांच के बाद जीएमओयू के पूर्व अध्यक्ष देवी रोड हाल मोटर नगर सिताबपुर निवासी जीत सिंह पटवाल, जीएमओयू की पूर्व प्रबंधक पदमपुर सुखरो सावित्री नगर निवासी ऊषा सजवाण, पूर्व कैशियर काशीरामपुर तल्ला निवासी अश्वनी कुमार, सहायक लेखाधिकारी बालासौड़, सैनी कॉलोनी निवासी मंजीत सैनी, चैकिंग सैक्शन के बाबू कलालघाटी हल्दूखाता तल्ला निवासी अशोक कुमार, कैशियर सहायक फतेपुर ग्राम खनगड़ निवासी मुकेश कुमार, प्रधान कार्यालय कार्यवाहक कैशियर पदमपुर सुखरौ निवासी राजेश चंद्र बुड़ाकोटी, पेट्रोल सैक्शन क्लर्क बालसौड़ निवासी वीरेंद्र खंतवाल, लेखा लिपिक शिब्बू नगर निवासी राकेश मोहन त्यागी को गिरफ्तार किया गया है।


कोतवाली पुलिस की हिरासत में आरोपी

# थ्रीके आउटलेट से काश्तकारों के उत्पादों को मिल रहा बाजार

### 40 थ्रीके आउटलेट के माध्यम से स्थानीय उत्पादों का हो रहा विपणन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने और काश्तकारों की आय में वृद्धि के निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य में कृषि और उद्यान विभाग की ओर कृषि एवं कृषक कल्याण योजना के तहत थ्रीके आउटलेट का संचालन किया जा रहा है। जिससे दुकान संचालकों की आय में वृद्धि होने के साथ ही काश्तकारों को उत्पादों के विपणन के लिए बाजार उपलब्ध हो रहा है।चमोली जिले में उद्यान विभाग की ओर से जहां 6 थ्रीके आउटलेट का संचालन किया जा रहा है। वहीं कृषि विभाग की ओर से 34 आउटलेट तैयार किए गए हैं। मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी ने बताया कि जनपद के लंगसी, छिनका, सगर, लोहजंग, बिरही, नंदप्रयाग, सोनला, कर्णप्रयाग, गौचर, मायापुर, मंडल, ग्वालदम, देवाल, थिरपाक, रानौ सहित विभिन्न स्थानों पर थ्रीके आउटलेट स्थापित किए गए हैं। जिनके माध्यम से स्थानीय उत्पादों की पैकेंजिग बाजार की मांग के अनुसार पहाड़ी दालों, मसालों, जूस, सब्जी व अन्य उत्पादों का विपणन किया जा रहा है। जिससे काश्तकारों को अपने उत्पाद का घर के पास से ही बेहतर मूल्य मिल रहा है। वहीं आम लोगों को भी आसानी से पहाड़ी उत्पाद मिल पा रहे हैं। जिससे काश्तकारों को आर्थिक लाभ हो रहा है। ग्वाड़ गांव में थ्रीके आउटलेट का संचालन कर रहे तेजेंद्र सिंह और गोपेश्वर के पठियालधार में आउटलेट का संचालन करने वाले दीपक कुमार का कहना है कि सरकार की ओर से संचालित योजना से जहां व्यवसायियों और आम लोगों को सुगमता से स्थानीय उत्पाद उपलब्ध हो रहे हैं। वहीं काश्तकारों को अपने उत्पादों के विपणन के लिए भी उचित माध्यम मिल रहा है। जिससे काश्तकारों की आय में वृद्धि हो रही है।



### कार्डियो ओपीडी में मरीजों ने कराई जांच

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध बेस चिकित्सालय श्रीनगर में बुधवार को लगी कार्डियो ओपीडी में 28 से अधिक मरीज विभिन्न स्थानों से पहुंचे। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप मालविया ने मरीजों का इको करने के साथ ही चेकअप किया, जबकि दो मरीजों को हार्ट में दिक्कत होने पर कोरोनेशन अस्पताल देहरादून में बुलाया गया है। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की पहल पर कार्डियो ओपीडी बेस चिकित्सालय में शुरू करायी गई। ओपीडी के शुरू होने से लोगों को राहत मिल रही है। कोरोनेशन अस्पताल देहरादून के मेडिट्रीना हार्ट सेंटर के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संदीप मालविया ने बताया कि पूर्व में लगी ओपीडी में दो मरीजों के हार्ट में दिक्कतें थी, जिनको कोरोनेशन अस्पताल में बुलाकर इलाज किया गया, जिसके बाद दोनों व्यक्ति स्वस्थ हैं। डॉ. मालविया ने बताया कि 15 से अधिक मरीजों का कार्डियो इको और 28 मरीजों की ईसीजी की गई।

## तीन जुलाई तक चलेगा सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : लाल रक्त कोशिकाओं के विरूपण से होने वाले सिकल सेल रोग के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में 19 जून से 3 जुलाई तक राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि सिकल सेल एनिमिया रक्त की लाल कोशिकाओं में होने वाली एक अनुवांशिक बीमारी है, जिसके कारण लाल रक्त कोशिका का आकार अर्द्ध चंद्र या हंसिया जैसा हो जाता है। एनिमिया यानि खून की कमी, आंखों में पीलेपन के साथ-साथ बदन में तेज दर्द, कोहनी व घुटनों में सूजन, बार-बार बुखार आना सिकल सेल के लक्षण हैं।

बताया कि जनजाति आबादी में इस बीमारी के होने की आशंका अधिक रहती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2047 से पहले सिकल सेल रोग उन्मूलन का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत सिकल सेल रोगियों के उपचार देखभाल में सुधार, स्क्रीनिंग तथा जागरूकता की रणनीतियों पर कार्य किया जा रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 58-DRM-MB-25-26 dt. 17.06.2025 |
| Name of Work | Renewal of Turn out and associated works under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date & Time | 10.07.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 3,99,99,991.41 |
| Earnest Money (Rs.) | 3,50,000.00 |
| Tender Cost (Rs) | 00 |
| Bidding Start Date | 26.06.2025 |
| Period of Completion | 06 Month |

No. 75-W/2/3/WA/Publication DATED: 17.06.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1806/25


# बैंक सखी योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बन रही ग्रामीण महिलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चयनित बैंक सखियों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण दुगड्डा, पोखड़ा, यमकेश्वर, पौड़ी और खिर्सू ब्लाक के चयनित 56 बैंक सखियों के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर बैंक सखियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिन बैंक सखियों ने प्रशिक्षण पूरा किया है, वे अब स्वयं सहायता समूहों को बैंक से जोड़ने और ग्रामीणों को आसान बैंकिंग सुविधा देने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने हर पंचायत स्तर पर प्रशिक्षित बैंक सखियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने प्रतिभागी बैंक सखियों को स्वयं सहायता समूहों के बैंक लिंकेज और बैंकिंग सेवाओं की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बैंक सखी योजना के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, साथ ही गांव-गांव तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाकर वित्तीय समावेशन को भी सशक्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण सत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास संस्थान, हैदराबाद के मास्टर ट्रेनर गगन बिहारी भुंया ने बैंक सखियों को बैंकिंग प्रक्रियाएं, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) क्रेडिट लिंकेज, ऋण प्रक्रिया, वित्तीय समावेशन और ग्राहक सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। इस मौके पर परियोजना निदेशक विवेक कुमार उपाध्याय, ईटीसी सत्र प्रभारी दिनेश रावत, ग्रामीण वित्त समन्वयक धनंजय प्रसाद भट्ट आदि शामिल रहे।

### एमएलआईबी पाठ्यक्रम संचालित कराने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विश्वविद्यालय में मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इनफार्मेशन साइंस (एमएलआईबी) पाठ्यक्रम शुरू कराने की मांग पर बुधवार को पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष रूपेश नेगी ने कुलपति प्रो. एमएमएस रौथाण को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि गढ़वाल विवि में विगत वर्षों से बीएलआईबी पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसमें छात्रों की अच्छी संख्या देखने को मिल रही है। एमएलआईबी पाठ्यक्रम संचालित न होने से छात्रों को अन्य संस्थानों में जाना पड़ रहा है। (एजेंसी)

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम पियुष दर्ज हो गया है, जो कि गलत है, जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम अर्पित रियाल है, जो कि आधार कार्ड सहित स्कूली अभिलेखों में दर्ज है।

अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का सही व वास्तविक नाम अर्पित रियाल दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाये।

**प्रमोद कुमार पुत्र स्व0 वृजलाल**
**निवासी हल्दूखाता वार्ड नंबर 40,**
**तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल,**
**उत्तराखण्ड।**

# 22 जून को आयोजित होगी वन दरोगा की लिखित परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : वन दरोगा के पदों पर चयन हेतु आगामी 22 जून (रविवार) को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक एकल सत्र में आयोजित होने वाली परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों में धारा 163 प्रभावी रहेगी। उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्डियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि तहसील रुद्रप्रयाग के अंतर्गत 08 परीक्षा केंद्रों पर कुल 1671 अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा संपन्न की जानी है। बताया कि परीक्षा का सफल संचालन हेतु उक्त अवधि में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक ओमणों जैसी घटनाओं एवं परीक्षार्थियों को अनुचित साधन का प्रयोग आदि के मध्यनजर सब डिवीजन रुद्रप्रयाग के क्षेत्रांतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में परीक्षा प्रारंभ के समय से समाप्ति तक पांच से अधिक व्यक्तियों को एक साथ एकत्रित होने पर निषिद्ध किया जाता है।

इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के निकट बिना अनुमति आग्नेयास्त्र, लाठी, डंडा, चाकू, हॉकी, स्टिक, खुखरी, तलवार अथवा कोई तेज धार वाला शस्त्र, पटाखे, बम व ज्वलनशील पदार्थ लेकर नहीं चलेगा।

### देवी पाठ कार्यक्रम सम्पन्न

श्रीनगर गढ़वाल : विकासखंड कीर्तिनगर के पैंडुला में तीन दिवसीय देवी एवं भैरव पूजन पाठ कार्यक्रम का समापन भंडारे के साथ हुआ।

इस दौरान ग्राम पंचायत पैण्डुला सहित विभिन्न गांव के लोगों ने देवी पूजन में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस मौके पर निवर्तमान ग्राम प्रधान पैंडुला सुनय कुकसाल, राकेश कुकसाल, बीना देवी, सुशीला देवी, रजनी देवी, मनोहर कुकसाल, अरविंद, अनुनय, शाश्वत, प्रनय, सविता, सरिता, लक्ष्मी उनियाल, संजय प्रसाद, पंडित हेमंती डंगवाल, पंडित वाणी भूषण बडोनी, कलम सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल)

पत्रांक- 1696 /दैवीय आपदा/सार्व0सूचना/कंट्रोल रूम/ 2025-26 दिनांक- 18.06.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरणों को सूचित किया जाता है कि वर्तमान मानसून सत्र में सम्भावित दैवीय आपदा से राहत एवं बचाव हेतु सूचना का अदान-प्रदान करने हेतु नगर निगम कोटद्वार में आपदा नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नगर निगम कोटद्वार में आपदा नियंत्रण कक्ष 24 7 कार्य करेगा। नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत डेंगू की रोकथाम, सोलिड वेस्ट, आवारा पशुओं, दैवीय आपदा से होने वाली घटना की सूचना नगर निगम कोटद्वार में स्थापित कंट्रोल रूम नं0 7579476028 में दी जा सकती है।

**आज्ञा से**
**नगर आयुक्त**
**नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।**


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

**विषयः– निविदा सुचना संख्या 57 – DRM – MB – 25–26 dt. 16.06.2025 के सम्बन्ध में** उपरोक्त निविदा दिनांक 09.07.2025 को खोली जानी है। निविदा मे Period of Completion – 60 Month के स्थान पर Period of Completion 06 Month कर दिया गया है निविदा की अन्य नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

1813/2025 प्रवर मण्डल अभियंता/मुख्यालय उत्तर रेलवे मुरादाबाद

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैः–

| | |
|---|---|
| ई–निविदा एनआईटी संख्या | 17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम0बी0/139–ए |
| कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद मण्डल के रोजा–सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिफ्टिंग, लखनऊ–मुरादाबादखण्ड में पीताम्बर पुर के कि.मी. 1288/17–19 परगेट सं0–352 सी के बदले आरओबी, सीतापुर के कि.मी. 78/130.201 पर गेट सं0–51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा–सीतापुर सिटी खण्ड में डाउन मैन लाईन के कि.मी. 14/305.923 पर ब्रिज सं0 13 एवं सेक्शनिंग पोस्ट सीतापुर सिटी के विद्युतीकरण हेतु 25 हजार बोल्ट सिंगल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य। |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 1,87,73,215.60 |
| बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार) | रुपए 2,43,900/– |
| ई–निविदा जमा करने एवं ईनिविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 09.07.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते है। निविदाकर्ता ई–निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदा दिनांक 09.07.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई–निविदा एवं निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 24.06.2025 से दिनांक 09.07.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई–निविदा में भाग लेने की इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपना ई–पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हे क्लास III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नही है) जो आई टी नियम–2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये हैं। केवल ई–निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी। |

प्रपत्र सं0 17–विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी./139–ए
दिनांक 17.06.2025 1810/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### मसूरी में तेज हवाओं के साथ बारिश से बदला मौसम

देहरादून। मसूरी में बुधवार शाम चार बजे बाद तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। यहां दिनभर चटख धूप खिली रही। दिन में यहां गर्मी भी महसूस की जा रही थी, लेकिन शाम को मौसम बदलने के साथ सुहावना हो गया और चारों तरफ घना कोहरा छा गया। पिछले कुछ दिनों से मसूरी में शाम के समय बारिश हो रही है। इससे मसूरी के मौसम भी सुहावना हो गया है। बुधवार सुबह से लेकर अपराह्न तीन बजे तक चटख धूप खिली रही। इससे दिन में गर्मी रही। हालांकि शाम चार बजे मसूरी में मौसम बदलने लगा और बारिश के साथ तेज हवाएं चलने लगीं।साथ ही मसूरी में चारों तरफ घना कोहरा छा गया। इस दौरान माल रोड पर भी बहुत कम पर्यटक नजर आए। वही बारिश के चलते गर्मी से राहत मिल गई। इस मौके पर माल रोड पर घूम रहे पर्यटकों ने बताया की इन दोनों मैदानी क्षेत्रों में उमस भरी गर्मी पड़ रही है लेकिन यहां पर मौसम काफी सुहाना बना हुआ है जिसका वह परिवार के साथ आनंद उठा रहे हैं।

### मुसीबत में चाइल्ड हेल्पलाइन के उपयोग की जानकारी दी

देहरादून। महिला कल्याण विभाग की ओर से देहरादून चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा मद्रासी कॉलोनी के आंगनवाड़ी केंद्र नंबर–2 में जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा आंगनवाड़ी में उपस्थित बच्चों और महिलाओं को बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, भिक्षावृत्ति और कूड़ा बीनना, बाल श्रम और स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में विस्तार जानकारी दी गई। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम द्वारा बच्चों और बड़ों को 1098 के बारे में बताया गया कि इसमें 0 से 18 साल तक के सभी बच्चे आते हैं। यदि कोई बालक या बालिका मुसीबत में है तो वह 1098 पर कॉल कर सकते हैं। 1098 की टीम आपकी मदद करेगी। यह रात और दिन चलने वाले आपातकालीन निःशुल्क सेवा है। चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा गुड टच, बैड टच, पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, साइबर क्राइम नंबर 1930 के बारे में भी जानकारी दी गई। इस जागरूकता अभियान में बच्चे महिलाएं, रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर सरिता और केस वर्कर सविता गोगिया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुमन, मंजू शामिल रहे।

### ऋषिकेश में जाम की समस्या के समाधान के लिए केंद्रीय मंत्री को भेजा पत्र

देहरादून। चारधाम यात्रा के चलते ऋषिकेश में जाम की विकट समस्या भारत सरकार पहुंच तक गई है। ऑल उत्तराखंड मोटर यूनियन ने नितिन गड़करी को पत्र भेजा है। यूनियन ने मुनिकीरेती–तपोवन के बीच सड़क चौड़ीकरण के साथ ही बाइपास या फ्लाईओवर बनाने का सुझाव दिया है। प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि चारधाम के पीक सीजन में बद्रीनाथ हाईवे पर मुनिकीरेती–तपोवन के बीच जाम की समस्या विकट हो गई है, यह यात्रा रूट की बड़ी बॉटलनेक है, सड़क की चौड़ाई कम होने से यहां जाम लग रहा है। इसके साथ ही गढ़वाल क्षेत्र के यात्रा रूट पर कई भूस्खलन जोन हैं, जहां पर बरसात में यात्रा बाधित हो जाती है। इसका सीधा असर परिवहन कारोबार भी पड़ रहा है। देश और दुनिया से आने वाले यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### दून अस्पताल के डॉक्टर से प्रभार वापस लिया गया

देहरादून। बर्न यूनिट में भर्ती मरीज को एम्स भेजने के लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं करवाने के मामले में दून अस्पताल प्रशासन ने कार्रवाई की है। बर्न यूनिट के मेडिकल अफसर से एनएबीएच का प्रभार वापस ले लिया गया है। साथ ही एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराने के मामले में जवाब मांगा है। दून मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ.गीता जैन ने बताया कि बर्न यूनिट के प्रभारी डॉ.आरपी खंडूड़ी से सभी फाइलें वापस ले ली गई हैं, साथ ही कंप्यूटर सील कर दिया गया है। अब एनएबीएच की जिम्मेदारी डॉ. जया नवानी, डॉ. नितिन शर्मा और डॉ. इंद्रजीत भौमिक को दिया गया है। उधर, मालूम हो कि बर्न यूनिट से एक मरीज को एम्स ऋषिकेश रेफर किया जाना था, लेकिन कॉलेज प्रशासन एंबुलेंस उपलब्ध नहीं करवाया पाया था।

### धार्मिक ही नहीं पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है खैट पर्वत: नेगी

नई टिहरी। खैट पर्वत पर स्थित भराड़ी देवी के मंदिर के प्रांगड़ में आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत एवं देवी भागवत कथा के भव्य आयोजन को लेकर प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने मंदिर में मां भराड़ी की पूजा–अर्चना कर कथा का श्रवण किया। विधायक ने क्षेत्र सहित प्रदेश की सुख समृद्धि की प्रार्थना भी की।

# निर्वाचन आयोग वोटर आईडी कार्ड वितरण में लाएगा तेजी



देहरादून। मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र की तेजी से डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए, भारत के निर्वाचन आयोग ने एक एसओपी जारी की है।नई एसओपी के तहत वोटर लिस्ट में अपडेट के 15 दिनों के भीतर वोटर आईडी कार्ड की डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। इस पहल में किसी मतदाता का नया नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी भी विवरण में बदलाव जैसी सुविधा शामिल हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी के साथ मतदाताओं की सुविधा के लिए उठाया गया कारगर कदम है। आयोग द्वारा नई प्रणाली निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा वोटर कार्ड बनाने से लेकर डाक विभाग (डीओपी) के माध्यम से मतदाता को वोटर कार्ड की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी। मतदाताओं को प्रत्येक चरण पर एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं भी प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें उनके वोटर आईडी कार्ड की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। इस उद्देश्य के लिए, चुनाव आयोग ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है। नया आईटी प्लेट-फॉर्म मौजूदा सिस्टम को फिर से तैयार करके और वर्कफ्लो को सुव्यवस्थित करके मौजूदा प्रक्रिया को बदल देगा। डीओपी के एप्लिकेशन प्रोग्राम इंटरफेस (एपीआई) को निर्बाध वितरण के लिए ईसीआईनेट के साथ एकीकृत किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य डेटा सुरक्षा बनाए रखते हुए सेवा वितरण को बढ़ाना है। अपने सभी मतदाताओं को त्वरित और कुशल चुनावी सेवाएं प्रदान करना चुनाव आयोग की प्राथमिकता में है।

### शराब का बहिष्कार करने पर गांव को देंगे 5 लाख : किशोर

नई टिहरी। विधायक किशोर उपाध्याय ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है। यहां पर शराब का प्रचलन नहीं होना चाहिए। शराब से एक ओर जहां संबंधित व्यक्ति को आर्थिक नुकसान होता है, वहीं शारीरिक दिक्कत के साथ ही परिवार के लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। चंबा ब्लॉक की सारज्यूला पट्टी के पांगरखाल में श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर पहुंचे विधायक ने कहा कि वह शराब के पूर्ण प्रतिबंध के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में और खासकर टिहरी जिले में वैवाहिक कार्यक्रमों में कॉकटेल पार्टी का प्रचलन लगातार बढ़ रहा है। कहा कि उनकी विधानसभा के जिस भी गांव में शादियों सहित अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में कॉकटेल पार्टी का बहिष्कार किया जाएगा, वह उस गांव में विकास के लिए विधायक निधि से 5 लाख की धनराशि देंगे। विधायक किशोर ने कहा कि पहाड़ों में किडनी और लीवर के मरीजों की संख्या बढ़ने का प्रमुख कारण शराब है।

# दिल्ली—जखोली रोडवेज बस सेवा शुरू होने पर खुशी

रुद्रप्रयाग। परिवहन निगम द्वारा दिल्ली से जखोली ब्लाक मुख्यालय तक रोडवेज बस सेवा का संचालन कर दिया है। स्थानीय लोगों ने बस के मुख्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया जबकि चालक एवं परिचालक को माला पहचाकर खुशी जताई। बस सेवा के संबंध में पूर्व में परिवहन निगम के मण्डलीय महाप्रबंधक संचालन देहरादून ने सहायक महाप्रबंधक उत्तराखण्ड परिवहन निगम ऋषिकेश डिपो को अविलंब कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए थे। मण्डलीय महाप्रबंधक संचालन देहरादून ने सहायक महाप्रबंधक उत्तराखण्ड परिवहन निगम ऋषिकेश डिपो को प्रेषित पत्र में कहा है कि राज्य आन्दोलनकारी बीरेन्द्र भट्ट द्वारा पूर्व में जखोली तहसील में आयोजित तहसील दिवस में वि.ख.जखोली से दिल्ली तक रोडवेज बस सेवा का संचालन पूर्व मे होने तथा कोरोना काल के समय से उक्त बस सेवा का संचालन बन्द होने का उल्लेख करते हुये जनहित में पुनः दिल्ली घनसाली से आगे जखोली ब्लाक मुख्यालय तक बढ़ाये जाने का अनुरोध किया गया था। बुधवार को प्रातः 10 बजे रोडवेज बस जैसे ही दिल्ली से जखोली ब्लाक मुख्यालय पहुंची,तो लोगों ने बस चालक व परिचालक का माल्यार्पण कर स्वागत किया है। इस संबंध में राज्य आन्दोलनकारी बीरेन्द्र भट्ट ने मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत अपर सचिव हरीश चंद्र काण्डपाल का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर ब्लाक मुख्यालय में व्यापार संघ अध्यक्ष हर्षवर्धन नैथानी,पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष महावीर सिंह पंवार,पूर्व प्रधान विजेंद्र सिंह मेवाड़, दयाल सिंह खण्डा, धनपाल कैंतुरा,नरेन्द्र राणा, विजेंद्र सिंह भंडारी,दीनदयाल भण्डारी, धीरेन्द्र सिंह भंडारी, कुलदीप सिंह पुण्डीर सहित कई लोगों ने स्वागत किया है।

# डीएम निकिता ने की पुनर्वास कामों की समीक्षा

नई टिहरी। डीएम नितिका खण्डेलवाल ने गुरुवार को पुनर्वास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक ली। डीएम ने डूब क्षेत्रों और पुनर्वास के तहत आवासीय और कृषि भूमि की जानकारी लेते हुए पुनर्वास निदेशक को फाइल प्रस्तुत करने के निर्देशित किया। जनता दर्शन में दर्ज शिकायतों को श्रेणीवार बनाकर निस्तारित कर जानकारी देने को कहा। जिससें एक जैसी समस्याओं का क्रमवार समय से निवारण किया जा सके। बैठक में अधिशासी निदेशक पुनर्वास आरके गुप्ता ने डूब क्षेत्र के गांवों, टीएचडीसी स्थापना निधि, भर्ती प्रक्रिया और पुनर्वास नीति की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने पथरीबाग–1 की भूमि पर लोगों को भूमिधरी न मिलने पर आपत्ति और पथरीबाग 2,3 व 4 में कैम्प लगा कर कब्जा देने की प्रकिया से अवगत कराया। जिसमें 10–12 लोगो को कब्जा देना बाकी रहने की के बारे में बताया गया। बताया कि ऋषिकेश में विस्थापित सात गांव में से तीन गांव का भूमिधारी अधिकार हो गया है तथा चार का गतिमान है। इसके अलावा चौदह गांव का आईआईटी रुड़की द्वारा ड्रोन सर्वे से स्थलाकृतिक सतह का डिजिटल मॉडल बना कर भू–व्यवस्था चेक करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हरिद्वार के बहादराबाद में सुमन नगर में 255 लोगों को भूमिधारी की मांग तथा टिहरी शहर में कई सरकारी और गैर सरकारी संस्थान एवं लोगों की भूमिधरी न होने की भी जानकारी दी।

### एटीएम लूट के इरादे दो घंटे बूथ में घुसे रहे आरोपी

देहरादून। एटीएम बूथ में रकम लूट के इरादे घुसे आरोपी दो घंटे तक मशीन को तोड़ने और काटने का प्रयास करते रहे। कामयाब नहीं होने पर आरोपी वहां से फरार हो गया। घटना में एटीएम मशीन खराब हो गई। मामले में पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पटेलनगर कोतवाली के निरीक्षक सीबीएस अधिकारी ने बताया कि पीएनबी शिमला बाईपास रोड शाखा में तैनात चंद्रभान मीणा ने तहरीर दी। बताया कि उनकी शाखा के अधीन के माजरा पीएनबी एटीएम बूथ आता है। आरोप है कि 14 जून की रात दो बजे एटीएम बूथ में कुछ आरोपी घुसे। उन्होंने बाहर से शटर नीचे किया और अंदर एटीएम मशीन को तोड़कर उससे कैश निकालने की कोशिश की। आरोपी चार बजे तक एटीएम बूथ में तोड़फोड़ करते रहे।

# दून आने वाला ट्रैफिक तीन दिन रहेगा डायवर्ट



देहरादून। दून में वीवीआईपी दौरे के चलते गुरुवार से शनिवार तक ट्रैफिक डायवर्ट रहेगा। ऋषिकेश की तरफ से आने वाले वाहन रानीपोखरी से भोगपुर–थानो और हरिद्वार की तरफ से आने वाले वाहन डोईवाला से दूधली होकर देहरादून आएंगे। देहरादून से हरिद्वार और ऋषिकेश जाने वाले वाहनों को भी वाया दूधली भेजा जाएगा। शहर के भीतर भी ट्रैफिक को डायवर्ट किया जाएगा। पुलिस ने जनता से डायवर्ट प्लान का पालन करने की अपील की है। ट्रैफिक को वीवीआईपी दौरे के दौरान डायवर्ट रखा जाएगा। ऋषिकेश से आने वाले वाहनों का रूट ऋषिकेश से देहरादून शहर और मसूरी आने वाले वाहन रानीपोखरी से भोगपुर–थानो–रायपुर होते हुए छह नंबर पुलिया आएंगे।यहां से वाहनों को सहस्त्रधारा क्रासिंग भेजा जाएगा। शहर वाले सर्वे चौक आएंगे और मसूरी वाले वाहन सीधे आईटी पार्क साईं मंदिर होकर मसूरी जाएंगे। हरिद्वार से आने वाले वाहनों का रूट हरिद्वार की ओर से देहरादून शहर और मसूरी जाने वाले वाहन भानियावाला फ्लाईओवर सर्विस लेन से डोईवाला चौक से दूधली मार्ग होते हुए कारगी चौक आएंगे। यहां से मसूरी जाने वाले वाहन आईएसबीटी, शिमला बाईपास से जीएमएस रोड से कैन्ट से अनारवाला होते हुए मसूरी जाएंगे। आशारोड़ी और प्रेमनगर से मसूरी जाने वाले वाहनों का रूट आशारोडी और प्रेमनगर क्षेत्र से मसूरी जाने वाले वाहन आईएसबीटी से शिमला बाईपास–जीएमएस रोड–बल्लूपुर चौक–कैन्ट–अनारवाला से मसूरी जाएंगे। वहीं, देहरादून शहर से हरिद्वार और ऋषिकेश जाने वाले वाहनों को कारगी चौक से दूधली मार्ग से डोईवाला चौक से भानियावाला सर्विस लेन से लालतप्पड से नेपाली फार्म तिराहा से ऋषिकेश और हरिद्वार की ओर भेजा जाएगा। मसूरी से आने वाले वाहन का रूट मसूरी से हरिद्वार और ऋषिकेश जाने वाले वाहनों को कुठाल गेट से ओल्ड मसूरी रोड से साईं मन्दिर से काठबंगला–किरशाली चौक–आईटी पार्क–सहस्त्रधारा क्रासिंग से 06 नम्बर पुलिया–महाराणा प्रताप से थानो रोड होते हुए अपने गंतव्य की ओर भेजा जाएगा। शहर में डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक ईसी रोड से मसूरी जाने वाले वाहनों के लिए सर्वे चौक से सहस्त्रधारा क्रासिंग आईटी पार्क से साईं मन्दिर होते हुए मसूरी की ओर भेजा जाएगा।

# ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता: डीएम



नई टिहरी भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में आईआईटी रूड़की के सहयोग से टीएचडीसी–आईएचईटी में जल ऊर्जा मित्र कौशल विकास कार्यक्रम शुरू हुआ। इस कार्यक्रम के तहत पालीटेक्नीक और आईटीआई उत्तीर्ण 30 युवाओं को तीन माह का निशुल्क जल ऊर्जा मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। कि प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को प्लेसमेट में भी मुहैया कराया जाएगा।

बुधवार को टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रो पावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी भागीरथीपुरम में आयोजित तीन माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। डीएम ने कहा कि ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जिसको ध्यान में रखकर कार्य किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा बेहतर प्रशिक्षण लेकर ग्रीन एंड क्लीन एनर्जी के क्षेत्र में भविष्य बनाएं। संस्थान के निदेश-ाक प्रो. एसके प्रधान ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आईआईटी रुड़की के हाइड्रो एवं रिन्यूएबल एनर्जी विभाग की देखरेख में किया जा रहा है। सरकार ने हाइड्रो इंजीनियरिंग संस्थान को प्रशिक्षण के लिए प्रमुख ट्रेनिंग सेंटर के रूप में नियुक्त किया है। देशभर में 1680 युवाओं को जल ऊर्जा मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके बाद वे छोटी जलविद्युत परियोजनाओं के संचालन, अनुरक्षण,सुरक्षा और कार्य कुशलता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### कानूनगो संघ के अध्यक्ष सुनील और विजय बने सचिव

नई टिहरी। रजिस्ट्रार कानूनगो संघ टिहरी की नवीन कार्यकारिणी का बुधवार को टिहरी तहसील सभागार में गठन किया गया। राजस्व निरीक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह नेगी अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आयोजित चुनाव में निर्विरोध तरीके से कानूनगो संघ की कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें सुनील चमोली अध्यक्ष, मनोहर नेगी उपाध्यक्ष, विजय डबराल सचिव, विजेंद्र बिष्ट कोषाध्यक्ष, अरविंद बिजल्वाण सह सचिव, सूरदास गडोही संगठन मंत्री और सुरेश डोगरा को संरक्षक चुना गया। बैठक में कानूनगो संघ ने अपनी समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए शासन–प्रशासन से हल करने की मांग की। उन्होंने डीएम से मुलाकात कर समस्याएं बताई। जिस पर डीएम नितिका खंडेलवाल ने जिला स्तर की समस्याएं जल्द हल करने का आश्वासन दिया।

# काणाताल—सनगांव सड़क को वन मंत्रालय की हरी झंडी

नई टिहरी। लंबे समय से सड़क निर्माण की राह ताक रहे चंबा ब्लॉक के अंधियारगढ़ी और सनगांव को मोटर मार्ग की सुविधा मिलने की उम्मीद जागी है वन महकमे की कार्यवाही से जगी है। मोटर मार्ग निर्माण में बाधा बनी वन भूमि के निस्तारण के लिए केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने हरी झंडी दी है। वहीं वन निगम ने भी पेड़ों के पातन का कार्य शुरू कर दिया है। जिसके बाद काणाताल से सनगांव तक करीब 5.8 किमी सड़क का निर्माण जल्द शुरू होने की संभावना है।

चंबा–मसूरी फलपट्टी पर काणाताल के नीचे अंधियारगढ़ी, सनगांव में 150 परिवार रहते हैं। विधायक किशोर उपाध्याय बोले 150 परिवारों को मिलेगा वन महकमें की मंजूरी से सड़क का लाभ मिलेगा।अभी सड़क के अभाव में ग्रामीणों को 6 किमी पैदल खड़ी चढ़ाई नापनी पड़ती है। गांव के लोग कई वर्षों से सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे थे, लेकिन सड़क निर्माण में वहां लगभग 2.52 हेक्टेयर क्षेत्र में वन भूमि आड़े आ रही थी। इसके चलते सड़क निर्माण का काम सर्वे तक ही सीमित रह गया था। इसके बाद क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय ने इस मामले में पैरवी की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने चंबा–मसूरी मार्ग के काणाताल से अंधियारगढ़ी, सनगांव के लिए वन भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा कि इससे सैकड़ों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। वन भूमि की स्वीकृति मिलने से स्थानीय लोग खासे उत्साहित है। स्थानीय लोगों ने जल्द ही सड़क निर्माण शुरू होने की उम्मीद जताई है।

# बूढ़ाकेदार क्षेत्र में किया जाए आपदा पुनर्निर्माण के कार्य

नई टिहरी। वर्ष 2024 की जुलाई में बालगंगा और धर्म गंगा में आई आपदा के कारण खतरे की जद में आई बूढ़ाकेदार स्थित सामाजिक संस्था लोक जीवन विकास भारती व आसपास क्षेत्र में हुए नुकसान का पुनर्निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों ने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कहा कि एक बाद में भी इस क्षेत्र में पुनर्निर्माण और सुरक्षात्मक कार्य न होने के कारण खतरा बना हुआ है। बुधवार को पर्यावरणविद् सुरेश भाई के नेतृत्व में बूढ़ाकेदार के आपदा प्रभावितों ने डीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। बताया कि 25–26 जुलाई 2024 को आई भीषण बाढ़ ने धर्मगंगा और बालगंगा क्षेत्र की आबादी, खेती,बाड़ी,भवन और नदी के बहाव को बुरी तरह प्रभावित किया था।इस बाढ़ की चपेट में सामाजिक संस्था लोक जीवन विकास भारती के परिसर और उसके आसपास स्थित अनुसूचित जाति के लोगों की जो खेती–बाड़ी भी मलबे में तब्दील हुई थी। यहां पर करीब 4 से 10 मीटर ऊंचे मलबे के ढेर लगे हुए हैं। नदी का प्रवाह यहां स्थित आवासीय भवनों की तरफ है,जो आने वाली बरसात में खतरे का कारण बन सकते हैं। उन्होंने डीएम ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण कार्य किए जाए। ताकि संस्था और अनुसूचित के परिवारों को खतरे से बचाया जाए। बताया कि संस्था पिछले 45 वर्षों में आई कई आपदाओं से प्रभावित हुए लगभग 10,000 परिवारों की मदद की है और यहां पर बुनियादी शिक्षा के साथ ही छोटी पनबिजली और जल ऊर्जा के अन्य प्रयोग और कुटीर उद्योगों के विकास के लिए एक प्रदर्शन केंद्र काम कर रहा था,वह भी बाढ़ की भेंट चढ़ गया है।

### एमवी व एनडीपीएस एक्ट में धीमी कार्यवाही पर एसएसपी ने जताई नाराजगी

नई टिहरी। बुधवार को पुलिस लाइन चंबा में एसएसपी आयुष अग्रवाल की मौजूदगी में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें एसएसपी ने कार्मिकों की समस्याओं को सुनते हुए अच्छा कार्य करन वाले 26 पुलिस कार्मिकों को इम्पलाई आफ द मंथ घोषित कर नगद धनराशि के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किये। गोष्ठी में जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा करते आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत जनपद के सभी थाना प्रभारियों को संवेदनशील क्षेत्रों का चिन्हीकरण करने को एसएसपी ने निर्देशित किया। अपने–अपने क्षेत्र में निर्वाचन को प्रभावित करने वाली राजनैतिक गतिविधि, वैमनस्यता पर नजर रखने एवं निष्पक्ष और पारदर्शी रहते हुए निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों की पहचान करने को कहा। वर्षा ऋतु को देखते हुए सभी थाना प्रभारी अपने–अपने थाना क्षेत्र में आपदा ग्रस्त व भूस्खलन क्षेत्र का चिन्हीकरण कर करने व आपदा उपकरणों का भी निरीक्षण करने को कहा।

# उद्यमियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नई टिहरी। ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों के लिए हिंडोलाखाल देवप्रयाग के ब्लॉक के सभागार में डीएम नितिका खंडेलवाल के निर्देश पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठन, लखपति दीदी, बैंक सखी और स्वरोजगार से जुड़े आसपास के क्षेत्रों के उद्यमियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यशाला का आयोजन मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना (आरबीआई), राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामोत्थान परियोजना एवं आरसेटी के सहयोग से किया गया। मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना टीम के स्पोक इंक्यूवेशन मैनेजर दिग्विजय सिंह, बिजनेस प्लानिंग डेवेलपमेंट एक्सपर्ट अनुभव थापा एवं आरसेटी के प्रशिक्षक संजीव नेगी ने प्रतिभागियों को उद्यमिता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला में मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना का परिचय, उद्यमिता के मूल सिद्धांत एवं आजीविका से उसका अंतर, पंजीकरण प्रक्रियाएं, ब्रांड को विकसित करने एवं बिजनेस डेवलपमेंट का कौशल, उद्यमिता जागरूकता एवं सशक्तिकरण, सरकारी योजनाओं की जानकारी, विपणन के अवसर एवं ऑनलाइन प्लेटफार्म की जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में लगभग 16 स्वरोजगार से जुड़े प्रतिभागी मौजूद रहे। सभी प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना द्वारा भविष्य में सहयोग देने के लिए पंजीकरण से संबंधित जानकारी भी दी गई। कार्यशाला में स्थानीय उद्यमियों को प्रशिक्षण, प्रोत्साहन एवं आवश्यक संसाधनों से जोड़ने की अहम जानकारियां दी गई। इसस अवसर नितिन रावत, मुकेश उनियाल आदि मौजूद रहे।

### गांधी पार्क में साधकों ने किया योग

देहरादून। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दून योग पीठ देहरादून द्वारा योग भूमि उत्तराखंड के संकल्प के साथ बुधवार को गांधी पार्क में योगाचार्य डॉ. बिपिन जोशी के सानिध्य में विशेष योग जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में योग शिक्षक विनय प्रकाश, योगाचार्य अंबिका उनियाल ने योग आसनों के साथ–साथ प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। योगाचार्य बिपिन जोशी ने बताया कि गुरुवार से 21 जून तक गांधी पार्क में योग शिविर का समय प्रातः 5:30 बजे कर दिया गया है। गुरुवार को सायं 4 बजे दून योग पीठ टपकेश्वर मंदिर मुख्य शाखा में ग्यारहवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योग क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे 11 योगाचार्यों/ योग शिक्षकों/ योग छात्रों को योग श्री सम्मान प्रदान किया जाएगा।

# डीएम बंसल ने किया उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश का औचक निरीक्षण

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल ने आज उप जिला चिकित्सालय ऋषिकेश का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने चिकित्सालय के ओपीडी कक्ष, पैथोलॉजी लैब, दवाई वितरण कांउटर, सर्जिकल वार्ड, आपरेशन कक्ष, टीकाकरण कक्ष, टीबी वार्ड, ट्रामा सेन्टर, बाल रोग वार्ड, एक्स–रे कक्ष, आईसीयू का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से उनका हॉलचाल जाना तथा टीकाकरण कक्ष में स्टॉप, महिलाओं, तीमारदारों से चिकित्सालय में व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली। लिफ्ट संचालित न होने तथा आरओ खराब होने पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को फटकार लगाते हुए तत्काल व्यवस्था बनाने के निर्देश। जिलाधिकारी ने टीकाकरण विस्तारीकरण,टीकाकरण कक्ष में एसी, डिजिटल प्रिंटर लगाने, टीकाकरण में स्टॉप बढाने तथा एसएनसीयू संचालन के लिए स्टॉफ भर्ती स्वीकृति/निर्देश दिए।

सीएम के निर्देश; जनमन के सरकारी चिकित्सालय हो सुविधायुक्तकरने के निर्देशों के क्रम में डीएम जिले में सरकारी अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से आच्छादित करने में जुटे है। डीएम का पूरे 2 घंटे का औचक निरीक्षण, चिकित्सालय को दे गया सौगात, जल्द होगा अस्पताल का अपना रठउव बड़ा टीकाकरण केन्द्र। जिला चिकित्सालय की तर्ज पर अब ऋषिकेश चिकित्सालय में बनेगा मॉडल टीकाकरण कक्ष, विस्तारीकरण के साथ फैसिलिटी भी, एसी, व बच्चों के मनोरंजन अनुरूप सुविधा स्थापित किया जाएगा। डीएम के माह अक्टूबर के प्रथम निरीक्षण की तुलना इस विजिट में चिकित्सालय की सुविधा में बड़ा अन्तर दिखाई दिया है। डीएम ने सुविधाओं को निरंतर बढाने के निर्देश दिए। उप जिला



चिकित्सालय की अपनी पहली विजिट में डीएम ने 40 लाख ब्लड सेपरेटर मशीन की थी स्वीकृत की थी जो इसी माह स्थापित की जा रही है। डीएम ने लैब टेक्निशियन, एसएनसीयू स्टॉफ पदों की मौके पर ही स्वीकृति दी। डीएम ने अपनी फर्स्ट विजिट; में चिकित्सालय का आईसीयू संचालित कराया था माह में लगभग 50 मरीज लाभ ले रहे हैं। चिकित्सालय में संचालित चन्दन लैब में अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जाहिर करते हुए डीएम ने सीएमएस को 15 दिन में व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए। वहीं चन्दन लैब अब 247 रहेगी संचालित करने तथा लैब का भुगतान एसडीएम एसीएमओ के सत्यापन उपरान्त ही दिए जाने को कहा। डीएम ने चिकित्सालय में महिला,पुरूष, बुजुर्ग एवं सामान्य वर्ग के होंगे अलग–2 दवा वितरण कांउटर बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम की नजर खराब लिफ्ट एवं आरओ खराब पर पड़ी जिस पर डीएम का पारा चढ गया। उन्होंने सीएमएस को फटकार, एक सप्ताह के भीतर ठीक कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने चंदन लैब में अव्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को फटकार लगाई तथा 15 दिन के भीतर निर्धारित शर्तो के अनुसार व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए साथ ही चंदन लैब का भुगतान उप जिलाधिकारी ऋषिकेश एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के सत्यापन के उपरान्त ही करने के निर्देश दिए।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com